● वर्ष 05 ● अंक 488 ● पृष्ठ 6 ● मूल्य : 2 रुपये ● देवघर, रविवार 03 अगस्त, 2025
www.republicnationnews.com.in E-mail : republicnationdesk@gmail.com

REPUBLIC NATION

हिन्दी समाचार-पत्र

# रिपब्लिक नेशन

सच्चाई की जड़ तक पहुंचता आपका अपना मत

A Unit of AB MASS MEDIA PVT. LTD.

● संपादक : अनिता कुमारी ● प्रधान संपादक : वरुण कुमार ● +91 7004248229

## संक्षिप्त समाचार

### 'जेड-10एमई' पाकिस्तानी सेना में शामिल

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के प्रयासों के तहत शनिवार को अपनी सेना विमानन सेवा में अत्याधुनिक लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'जेड-10एमई' को शामिल किया। सेना के अनुसार, यहां से लगभग 550 किलोमीटर दूर मुल्तान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने की। सेना ने कहा, यह अत्याधुनिक और हर मौसम में काम करने योग्य हेलीकॉप्टर दिन और रात के समय सटीक हमला करने में सक्षम है। उन्नत रडार प्रणालियों और अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों से लैस जेड-10एमई विविध हवाई और जमीनी खतरों से निपटने की सेना की क्षमता को और बढ़ाएगा।

### बिहार में पुल का एक हिस्सा ढहा, कोई हताहत नहीं

**पटना/भाषा।** बिहार के जमुई जिले में उलई नदी पर बने पुराने और बंद पड़े पुल का एक हिस्सा ढह गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। जमुई के जिलाधिकारी नवीन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, शुक्रवार को जमुई के बाहरी इलाके में नदी पर बने छोटे पुल का एक हिस्सा ढह गया। पिछले साल इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। नदी पर एक नया पुल बनाया जा रहा है। बिहार में 2024 में विभिन्न जिलों में कई बड़े और छोटे पुल ढहने की घटनाएं हुईं।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अखल के वन क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद रात में दोनों के बीच मुठभेड़ शुरु हुई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरु होने के बाद रात में अभियान को रोक दिया गया था। उन्होंने बताया कि घेराबंदी को मजबूत किया गया तथा क्षेत्र में अतिरिक्त बल को भी तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार सुबह गोलीबारी फिर शुरु हुई, जिसमें दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन का पता लगाया जा रहा है। मुठभेड़ अब भी जारी है।

## सुविचार

''गलतियां ही इंसान को सीखने का मौका देती हैं।'' ...

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

80,599.91-585.67 (-0.72%)

**निफ्टी**

24,565.35 -203.00 (-0.82%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 09:41 तक |
| नक्षत्र | विशाखा | 06:28 तक |
| प्रथम करण | कौवाला | 09:41 तक |
| द्वितीय करण | तैतिल | 22:42 तक |
| पक्ष | शुक्ल | |
| वार | रविवार | |
| योग | शुक्ला | 06:15 तक |
| सूर्योदय | 05:47 | |
| सूर्यास्त | 19:03 | |
| चंद्रमा | वृश्चिक | |
| राहुकाल | 17:26 - 19:06 | |
| विक्रमी संवत | 2082 | |
| शक संवत | 1947 | विश्वावसु |
| मास | सावन | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 12:00 - 12:53 |

बलात्कार के मामले में जद(एस) के पूर्व सांसद

# प्रज्ज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा

■ अदालत ने प्रज्ज्वल रेवन्ना पर कुल 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

■ अदालत ने शुक्रवार को 34 वर्षीय रेवन्ना को उसके खिलाफ दर्ज यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में दोषी ठहराया था।

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक में यहां की एक विशेष अदालत ने पूर्व सांसद एवं जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना को बलात्कार के एक मामले में शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सांसदों/विधायकों के लिए विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने दोषी पर कुल 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

अदालत ने शुक्रवार को 34 वर्षीय रेवन्ना को उसके खिलाफ दर्ज यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में दोषी ठहराया था। यह मामला 48 वर्षीय उस महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा में स्थित रेवन्ना परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम



करती थी। वर्ष 2021 में उसके साथ दो बार बलात्कार किया गया था और आरोपी ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया था।

इससे पहले दिन में रेवन्ना ने कम सजा दिए जाने की अपील की और दावा किया कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया।

जद(एस) के निलंबित नेता ने अदालत से कहा कि वह मेकैनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई कर चुका है और हमेशा योग्यता के आधार पर उत्तीर्ण हुआ है। पूर्व सांसद ने कहा, ...वे कहते हैं कि मैंने कई महिलाओं के साथ बलात्कार किया है, लेकिन कोई भी महिला स्वेच्छा से शिकायत करने नहीं आई है, वे चुनाव (पिछले साल लोकसभा चुनाव) से छह दिन पहले आई थीं... अभियोजन पक्ष उन्हें जानबूझकर लेकर आया और शिकायत दर्ज करवाई।

# चुनाव आयोग की हकीकत पूरे देश को बताएंगे : राहुल

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग की गतिविधियों पर उन्हें 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली जबरदस्त जीत के बाद से ही संदेह पैदा हो गया था और जब उन्होंने इसकी सच्चाई जानने का प्रयास किया तो जो हकीकत सामने आयी उसको वह पूरे देश को अवगत कराएंगे।

गांधी ने शनिवार को यहां विज्ञान भवन में पार्टी के विधि



विभाग के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से ही उन्हें चुनाव प्रणाली पर संदेह हो रहा है। उस समय भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करने पर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ था। बाद में भी इसी तरह की स्थिति वह देखते रहे हैं। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने मुझे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने पर मजबूर कर दिया। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूँ कि हमारे पास सबूत हैं। हम पूरे देश को दिखाएंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती है। उसने समझौता किया है। हमें सबूत ढूँढ़ने में छह महीने ज़रूर लग गए लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़ों को स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता। सवाल है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी सुरक्षा क्यों लागू करता है।

## निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के लोकसभा चुनाव में धांधली के दावे का खंडन किया

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 2024 के लोकसभा चुनाव में धांधली के दावों को शनिवार को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन ''निराधार आरोपों'' का उद्देश्य चुनाव मशीनरी पर अनुचित दबाव डालना और यहां तक कि चुनाव अधिकारियों को धमकाना है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने यहां कांग्रेस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों का हवाला दिया, जहां पार्टी ने मतदाताओं की तस्वीरों और नामों की भौतिक रूप से जांच की और कथित तौर पर पाया कि कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से 1.5 लाख मत ''फर्जी'' थे। गांधी ने कहा, ''भारत में चुनाव प्रणाली समाप्त हो चुकी है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों में धांधली हुई थी।

निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक ''फैक्ट-चेक'' पोस्ट में कहा कि गांधी के बयान ''भ्रामक और निराधार हैं''। इसने कहा कि लोकसभा-2024 के लिए मतदाता सूची तैयार करने के दौरान, मसौदा और अंतिम दोनों मतदाता सूचियां कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा की गईं थी और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपील योग्य थीं।



# हमारे किसान, उद्योग, नौजवानों के रोजगार, हमारे लिए सबसे ऊपर : मोदी

अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है

**वाराणसी/भाषा।** विश्व की अस्थिर अर्थव्यवस्था के प्रति चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमारे किसान, हमारे लघु उदयोग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सबसे ऊपर है। उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है।

प्रधानमंत्री ने करीब 53 मिनट के अपने भाषण के अंतिम छह मिनट में भारत की अर्थव्यवस्था और स्वदेशी का उल्लेख किया।

मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज जब हम आर्थिक प्रगति की बात कर रहे है, तो मैं आपका ध्यान वैश्विक हालात पर ले जाना चाहता हूं। आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही हैं। अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर ध्यान दे रहे है।

मोदी ने कहा, 'भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है। हमारे किसान, हमारे लघु उदयोग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व है। यह बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कोई भी राजनीतिक दल हो, कोईं भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़कर के देशहित में देशवासियों के अंदर स्वदेशी के संकल्प का भाव जगाना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। वह वस्तु भारत के लोगों ने बनाई है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है। भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमें 'वोकल फार लोकल' मंत्र को अपनाना होगा।

मोदी ने कहा, 'हमारे घर में जो भी नया सामान आयेगा, वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी। उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी माल ही बेचने का अनुरोध किया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता बाबा विश्वनाथ को समर्पित : मोदी

**वाराणसी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही भारत की सैन्य कार्रवाई 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता को आदिदेव महादेव बाबा विश्वनाथ को समर्पित किया। उन्होने सेवापुरी में अपनी जनसभा की शुरुआत महादेव के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि सावन के पावन महीने में अपने परिवारजनों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार काशी आया हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। पीड़ित परिवारों की वेदना और दुख ने मेरे मन को व्यथित कर दिया। मैंने बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की थी कि वे हमें यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। बेटियों के सिंदूर का बदला लेना महादेव के आशीर्वाद से संभव हुआ। इस सफलता को मैं बाबा विश्वनाथ के चरणों में समर्पित करता हूं।

## भारत को स्पेन से एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमान प्राप्त हुआ

**लंदन/भाषा।** स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि भारत को शनिवार को स्पेन से 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों में से अंतिम विमान प्राप्त हुआ, जो उसकी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समकालीन प्रौद्योगिकी से युक्त 5-10 टन क्षमता वाला परिवहन विमान सी-295, भारतीय वायुसेना के पुराने एवरो विमान की जगह लेगा। स्पेन में भारतीय राजदूत दिनेश के पटनायक ने भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेविले में एयरबस डिफेंस एंड स्पेस असेंबली लाइन पर 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों में से अंतिम विमान प्राप्त किया, भारतीय मिशन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया है, निर्धारित समय से दो महीने पहले की गई यह आपूर्ति भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।




कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा

# कांग्रेस ने देश को एकजुट रखा, गांधी परिवार ने पार्टी को एकजुट रखा

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि भारत कांग्रेस की वजह से एकजुट रहा है और गांधी परिवार ने पार्टी को एकजुट रखा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2029 में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना सुनिश्चित करने के लिए एक टीम के रूप में योगदान देने का आग्रह किया।

शिवकुमार ने वकील समुदाय से आग्रह किया कि वे राहुल गांधी के सुझाव के अनुसार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कानूनी इकाई बनाकर प्रत्येक भारतीय के मताधिकार की रक्षा में मदद करें। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कहा, ''कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है, कांग्रेस की ताकत देश की ताकत है। गांधी परिवार ने कांग्रेस परिवार को एकजुट रखा है और कांग्रेस ने देश को एकजुट रखा है। अन्यथा हमारा देश कई टुकड़ों में बंट जाता।''

शिवकुमार 'संवैधानिक चुनौतियां: परिप्रेक्ष्य और रास्ते' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय विधिक सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कर्नाटक से आठ बार विधायक चुने गए शिवकुमार ने उन दिनों को याद किया जब वह तिहाड़ जेल में बंद थे और वहां से बाहर आने में वकीलों की भूमिका की सराहना की।

उन्होंने सोनिया गांधी को तिहाड़ जेल में उनसे मिलने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख बनाने के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया।

शिवकुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा का मुकाबला करने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा, ''यह केवल एक राजनीतिक एजेंडा नहीं है, हम सभी को एक साथ आना होगा। एक साथ आना शुरुआत है और आप सभी का एक साथ मिलकर काम करना प्रगति है।

# राजनाथ ने राहुल को दी निर्वाचन आयोग के खिलाफ 'सबूतों का एटम बम' फोड़ने की चुनौती

■ विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता।

**पटना/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्वाचन आयोग पर बिहार में ''वोट चोरी'' का आरोप लगाने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो 'एटम बम' की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी।

पटना में एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा ('इंडि' गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि उनके पास एटम बम है। अगर ऐसा है, तो उन्हें तुरंत उसे फोड़ देना चाहिए। उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खुद खतरे से दूर रहें। सिंह ने कहा कि देश को राहुल गांधी के पिछले बयानों की याद है। रक्षा मंत्री ने कहा, उन्होंने (राहुल) संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो वह एक बेकार बात साबित हुई।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए प्रतिष्ठित है।

सिंह ने कहा, राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता।


सिंह ने कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनकी अपनी पार्टी के हाथ खून से रंगे हैं, जिन्होंने 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी।

## झारखंड के शिक्षा मंत्री के सिर में लगी चोट, विमान से दिल्ली ले जाया गया

**रांची/भाषा।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शनिवार सुबह अपने आवास में बाथरूम में गिर गए, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने यह जानकारी दी। अंसारी ने बताया कि सोरेन को बेहतर इलाज के लिए विमान से दिल्ली ले जाया गया और वहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सोरेन को आज सुबह जमशेदपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों को पता चला कि उनके मस्तिष्क में खून का थक्का जम गया है। जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे पर मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने संवाददाताओं को बताया, सोरेन को विमान से दिल्ली पहुंचाया गया है। मैंने दिल्ली के अपोलो अस्पताल के निदेशक से बात की है। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि मंत्री के अस्पताल पहुंचते ही उनका इलाज शुरू कर दिया जाएगा।

## रामदास ने अंबुमणि पर लगाया जासूसी करने का आरोप

**विल्लुपुरम/भाषा।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक नेता एस. रामदास ने शनिवार को आरोप लगाया कि उनके बेटे अंबुमणि ने उनकी जासूसी की। अपने बेटे के साथ विवाद की पृष्ठभूमि में रामदास अपने आवास पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे।



उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, ''क्या इस दुनिया में ऐसा कोई बेटा है जो अपने पिता की जासूसी करता हो? हां, मेरी जासूसी की गई है।''

यह पूछे जाने पर कि क्या यह आरोप लगाना सही होगा कि अंबुमणि ने ही जासूसी उपकरण लगाया था, जबकि पुलिस जांच अभी भी जारी है, इस पर रामदास ने प्रतिप्रश्न करते हुए कहा, ''और कौन इसे (जासूसी उपकरण को) लगा सकता है?'' उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे अंबुमणि ने ही उनके घर पर जासूसी उपकरण लगाया था। रामदास ने कहा कि उन्होंने किलियानूर पुलिस (विल्लुपुरम जिला) और साइबर अपराध शाखा में भी शिकायत दर्ज कराई है। जासूसी उपकरण और उसके कलपुर्जे पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

इसके अलावा, उन्होंने एक विशेष निजी एजेंसी की सेवाएं भी मांगी थीं, जो इस मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद एजेंसी उन्हें अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा, ''निजी एजेंसी की सेवाएं केवल पुलिस की मदद के लिए हैं।''

पीएमके के शीर्ष नेता ने कहा कि पुत्र को अपने पिता से आगे नहीं निकलना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मदनाडीह गांव में निकला 6 फीट का अजगर, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**संवाददाता/जामताड़ा/योगेश कुमार/रिपब्लिक नेशन।** नारायणपुर प्रखंड के मदनाडीह गांव में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के मैयरा टोला स्थित एक बाड़ी के पीछे रखे ईंटों के ढेर से लगभग 6 फीट लंबा अजगर बाहर निकल आया। अजगर को देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव के अजय दास नामक युवक ने साहस दिखाते हुए अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ा। इसके बाद उन्होंने वन विभाग को इस घटना की जानकारी दी। देर शाम वन विभाग की टीम गांव पहुंची और अजगर को उनके सुपुर्द कर दिया गया।



इस संबंध में ग्रामीण रघुनाथ दास ने बताया कि बाड़ी के पीछे काफी दिनों से ईंट रखी हुई थी, वहीं से अजगर निकलकर बाहर आया था। गनीमत रही कि अजगर ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। समय रहते उसे पकड़ लिया गया, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका टल गई। गांव में इस घटना के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### तेज बारिश में धंसा गरीब परिवार का आशियाना, खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

**संवाददाता/जामताड़ा/योगेश कुमार/रिपब्लिक नेशन।** जामताड़ा प्रखंड के चालना पंचायत स्थित फुलजोरी गांव में रविवार रात हुई तेज बारिश ने एक गरीब परिवार की जिंदगी को पूरी तरह झकझोर दिया। गांव के निवासी बसंत मंडल का मिट्टी से बना कच्चा मकान बारिश के कारण अचानक धंस गया। घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। अचानक दीवार गिरने की आवाज सुनकर वे किसी तरह बाहर भागे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बसंत मंडल मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते हैं। उनका कोई स्थायी आय स्रोत नहीं है। अब मकान पूरी तरह से टूट चुका है और वे अपने परिवार के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। बारिश के कारण घर के अंदर रखा सारा सामान भीग गया है। कपड़े, बर्तन, राशन सहित जरूरी चीजें कीचड़ में सड़ चुकी हैं। बसंत मंडल ने बताया कि उन्होंने वर्षों की मेहनत से यह घर बनाया था, जो अब पूरी तरह से नष्ट हो गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है ताकि वे अपने परिवार के लिए फिर से एक छत का प्रबंध कर सकें।



### प्रभात संगीत संस्थान एवं अनुसन्धान केंद्र का शुभारम्भ

**देवघर/रिपब्लिक नेशन।** प्रातः 6 बजे मधुमणिका, राजा बगीचा देवघर में प्रभात संगीत संस्थान एवं अनुसन्धान केंद्र का शुभारम्भ आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत के द्वारा किया गया। कायर्क्रम की अध्यक्षता आचार्य भावानंद अवधूत जी ने की। विशेष अतिथि विजय कुमार मेहता (राँची) ने कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान में संगीत और ललितकला में डिप्लोमा, स्नातक एवं मास्टर डिग्री का पाठ्यक्रम है। विषय गायन, प्रभात संगीत, शास्त्रीय संगीत एवं वाद्ययंत्र हारमोनियम, तबला, पखावज आदि की शिक्षा दी जाती है। परमपिता बाबा श्री श्री आनंदमूर्ति ने 14 सितम्बर 1982 को प्रथम प्रभात संगीत ₹बंधु हे निये चलो₹ देकर संगीत के नये घराने की शुरुआत की। इस क्रम में उन्होंने 25 प्रभात संगीत मधुमणिका देवघर में दिया। आनंदमार्ग के इतिहास में 14 सितम्बर ऐतिहासिक दिन एवं देवघर को ऐतिहासिक स्थल के रूप में जाना जाता है। हर रविवार की तरह आज भी प्रातः 8 बजे से 4 बजे तक मेडिकल कैंप किया गया जो आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे डॉ0 रंजन जी ने 100 से 150 कावरियों का निःशुल्क स्वास्थ जाँच एवं निःशुल्क दवा दिये। मेडिकल कैंप का आयोजन आनंदमार्ग यूनिवर्शल रिलीफ टीम देवघर द्वारा की जा रही है। इसमें डॉ रंजन, भुक्ति प्रधान सुनील , श्रीकिशोर , अरुण , कृष्णकांत , मणिशंकर , अधीर , जगदीश , सुरेंद्र , अजय जी आदि लोगों का बहुमूल्य सहयोग है।




### सारेगामापा संगीत संस्थान भक्ति गीतों से झुमा रहा है कांवरियों को

**रिपब्लिक नेशन।** श्रावण मास में कांवरियों के सेवा में अनेक संस्थाएं अपने अपने तरीके से सेवा में लगे रहते हैं। इसी क्रम में सारेगामापा संगीत संस्थान भी जिला प्रशासन के तत्वावधान में तथा विभिन्न सेवा शिविरों में कांवरियों की सेवा भजन के कार्यक्रम के द्वारा कर रहा है। ज्ञात हो कि इस वर्ष भी सारेगामापा संगीत संस्थान ऑडिशन में अव्वल स्थान पर रहा। इस ग्रुप में एक से एक नामी गिरामी तथा सुरीले कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झुमा रहे हैं और उन्हें स्फूर्ति प्रदान कर रहे हैं। दुम्मा, आध्यात्मिक भवन, कोठिया, बाघमारा, बी. एड कॉलेज और मारवाड़ी युवा मंच के सांस्कृतिक मंच पर इनकी प्रस्तुति के दौरान कांवरिया झूम के और नाच के भजन का भरपूर आनंद ले रहे हैं। अभिषेक सूर्य , राज नंदिनी, अनन्या एंजल, धर्मवीर सिंह, विजय कुमार, अंशिका झा, उमा भारती, संतोष कुमार, फाल्गुनी यादव, दिलीप कुमार यादव और ऋचा अपने सुरीले आवाज से सबका मन मोह रहे हैं। दूसरी ओर बाल कलाकार अभिनंदिनी आन्या, आद्रिशा कशिश, अक्षिका आर्या, दिव्यांशी, अवनी कृति, विशाल, सार्थक, सौम्य, सान्वी मोदी, दित्या, आभया, काव्या, आयांश, आरव और केशव की प्रस्तुति देखकर सभी स्तब्ध रह जा रहे हैं।



### मुख्य मार्ग पर गिरा विशाल पेड़ घंटो आगमन रहा बाधित

**रिपब्लिक नेशन/संवाददाता/मोहनपुर।** देवघर गोड्डा मुख्य मार्ग जमुनिया नवाकुरा के पास रविवार दोपहर में एक विशाल पेड़ गिर गया । मुख्य मार्ग पर पेड़ गिर जाने के कारण कई घंटे तक आवागमन ठप हो गया ।सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी पीडब्ल्यूडी जेसीबी और संसाधनों के सारे बरगद पेड़ से हटाने के कार्य शुरू कर दिया । करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद सड़क से पेड़ काट कर हटाया गया। तब जाकर मार्ग पर यातायात बहाल हुई।


सड़क पर गिरा पेड़

# एक से तीन अगस्त तक तीन दिवसीय स्व वर्धन खवाड़े मेमोरियल चेस टूर्नामेंट का हुआ समापन

**अपने कामों को तब मैं सफल समझूंगा जब यहां से बच्चे अंतराष्ट्रीय स्तर पे खेलेंगे और यकीन मानिए उनके अभिभावक से ज्यादा खुशी मुझे होगी-डॉ सुनील खवाड़े**







**रिपब्लिक नेशन।**

पुरस्कार वितरण समारोह का शुरुआत चेस संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े के द्वारा स्व वर्धन खवाड़े की तस्वीर पे माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर के किया।। आशीष झा ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और लक्ष्य के बिना सफलता संभव नहीं है ।। सभी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ वो हमेशा खड़े है और फिर से दोहराया कि जब तक मेरे में सांस है मैं खिलाड़ी को चैन की सांस लेने नहीं दूंगा।और पूरे साल खेल का आयोजन कराते रहूंगा। महिला खिलाड़ी को बढ़ावा देने के लिए हर केटेगरी में तीन महिला खिलाड़ियों को नगद और मेडल देने की घोषणा की।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को बस अपने खेल पे ध्यान देना चाहिए ।। आगामी 10 अगस्त को स्व वर्धन खवाड़े की पुण्य तिथि पे बच्चों का बैडमिंटन कंपीटीशन का आयोजन किया जाएगा।। इस दौरान मंच का संचालन रोशन मिश्रा ने किया । पहली बार उभरते खिलाड़ी के लिए लड़की में फूलों झानो अवॉर्ड प्रिशा कुमारी जबकि लड़का में भगवान बिरसा मुंडा अवॉर्ड कार्तिक गुप्ता को दिया गया। विभिन्न केटेगरी में जिन्होंने पुरस्कार लिया ।। अंडर 11 में 7 प्वाइंट के साथ मयंक राज पहला स्थान जबकि 6 प्वाइंट के साथ आरुष कुमार दूसरा रौनक तीसरा देवांश कुमार चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा केशव कुमार, अरमन राज,चाणक्य कौशिक,अतुल्य अंजन, आरव अग्रवाल,प्रगणय कुमार टॉप दस में रहे।।।तीन महिला खिलाड़ी समृद्धि सिन्हा,प्रतीक्षा कश्यप, परी सिंह को भी पुरस्कार दिया गया।

» अंडर 14 में

शाश्वत वत्स को पहला दिव्यांशु दिव्या को दूसरा आदित्य यादव को तीसरा जबकि देवांश प्रियदर्शी को चौथा स्थान मिला।।सभी को 6 प्वाइंट मिले।।इसके अलावा सक्षम राज,जोया आशिफ,नमन मित्तल,खुश कुमार सिंह,अनमोल अपूर्व,आदित्य कुमार तिवारी टॉप दस में रहे।।। तीन बेहतरीन महिला खिलाड़ी श्रेया यादव,समृद्धि सिंह राजपूत,और सुभिक्षा श्री को भी नगद इनाम और मैडल दिया गया।।

» ओपन केटेगरी में

अर्पित आनंद को साढ़े छः प्वाइंट के साथ पहला। जबकि 6 प्वाइंट के साथ शाश्वत पार्थ, वैभव साह,अजित कुमार साव क्रमशः दूसरा तीसरा और चौथा स्थान पे रहे।। इसके अलावा मानव कृति,शुभम कुमार प्रणब आनंद झा,अरनब सिंहा, हीरा मणि झा,सोनू कुमार साह टॉप दस में रहे।। और तीन महिला खिलाड़ी तृप्ति कुमारी,नीलू और सौम्यांशंभवी को भी मेडल और नगद ईनाम देकर सम्मानित किया गया।। सभी केटेगरी में प्रथम 4 खिलाड़ी को नगद इनाम के साथ साथ ट्रॉफी भी प्रदान किया गया।। सभी को पुरस्कार संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े के द्वारा दिया गया।। अध्यक्ष के द्वारा खेल के क्षेत्र में काम बढ़ावा देने के लिए

- बादल सिंह
- बब्लू बलियासे
- कुमार विश्वास
- किशोर यादव
- सुशील माथा
- विश्वनाथ मंडल,
- संतोष नंदी को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान संघ के चेस संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े,सचिव आशीष झा, कॉर्डिनेटर नवीन शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष रामेश्वर चक्रवर्ती कोषाध्यक्ष प्रणव शंकर उपाध्यक्ष सुरेश शाह हेमंत चंद्र दत्ता,शैलेश राय, शंकर लाल झा, संयुक्त सचिव धीकांत भूषण ,आशुतोष सिंह ,अनंत कुमार कुंजिलवार,सौरभ सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्यों में अंग्रेज दास, रौनक कुमार सिंह ,पवन शाह ,सुरेश नाथ नरोने ,अमृतांशु शर्मा ,वरुण कुमार शर्मा,कृष्ण कुमार,मनोज पांडे, दीपक दुबे, प्रकाश भारद्वाज , शुचिव्रता पाणिग्रही, रीता सिंह,मौजूद थे।।

## राजकीय श्रावणी मेला, 2025 में खामियां दिखने पर क्यूआर कोड स्कैन कर करें शिकायत, त्वरित होगा समस्या का निराकरण....

- **मेला क्षेत्र में जगह-जगह क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा कराई गई है उपलब्ध....**
- **श्रद्धालुओं की सुविधा को बेहतर और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई तकनीकों का किया जा रहा है उपयोग....**
- **देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरिः- उपायुक्त ....**

COMPLAINT

Shravani Mela 2025

**रिपब्लिक नेशन।**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और उनकी आवश्यकता पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप विभिन्न नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस कड़ी में मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा होने पर (COMPLAINT-RESOLUTION) क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में असुविधा या कमी दिखने पर क्यू आर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं, जिसके पश्चात त्वरित समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही समस्या के मोनेटरिंग हेतु कंट्रोल रूम में एक विशेष सेल बनाया गया है, ताकि मानीटर पर समस्या दिखते ही उस पर तत्काल कार्य करते हुए समस्या का समाधान किया जा सके। इसके अलावा शौचालय, पानी, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर और स्वास्थ्य शिविर में सुविधा नहीं मिल रही है। साफ-सफाई नहीं है या आप सुविधा से असंतुष्ट हैं अथवा कोई सुधार चाहते हैं या कांवरिया रूटलाइन या होल्डिग प्वाइंट पर परेशानी है तो तत्काल उस जगह लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं। इस सुविधा हेतु बारकोड स्कैन करते ही गूगल पेपर खुलेगा। उसमें शिकायत करने का ऑप्शन आएगा। शिकायत भरने के बाद जरूरत हो तो तस्वीर भी साझा कर दें। आपकी ओर से किया गया शिकायत और अपलोड किया गया फोटो कंट्रोल रूम के सिस्टम में डाउनलोड होते ही उस पर संबंधित विभाग को टैग कर उसके समाधान का निर्देश दे दिया जाएगा, जिसके पश्चात मेला में प्रतिनियुक्त टीम वहां पहुंच जाएगी। सिस्टम को इस तरह विकसित किया गया है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो जाना है, ताकि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## सर (SIR) में हट गया आपका नाम , जुड़वाने का है सुनहरा मौका

**● पात्र भरें फॉर्म 06 , बने निर्वाचक**



**रिपब्लिक नेशन ।**

**जमुई ।** जमुई में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण मुहिम के तहत निर्वाचक सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है इसके साथ ही छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है नामित कार्य के लिए जिले के हर प्रखंड सह अंचल कार्यालय और नगर निकाय कार्यालय में विशेष शिविर लगाए गए हैं और ऑनलाइन आवेदन भी लिया जा रहा है निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 भी जारी किया गया है इसके साथ ही मृत्यु अनुपस्थिति स्थायी रूप से स्थानांतरण या पूर्व से किसी दूसरे विधानसभा क्षेत्र में पंजीकरण के कारण जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं किया गया है उनमें से पात्र मतदाताओं का नाम शामिल करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है शनिवार से दावा-आपत्ति लेने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया है जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम श्री नवीन ने जमुई प्रखंड सह अंचल कार्यालय और जमुई नगर परिषद कार्यालय में विशेष शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए कहा कि इसकी सफलता के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग वांछित है दलीय लोग पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने व अयोग्य वोटरों का नाम हटवाने में सकारात्मक सहयोग दें शनिवार से एक सितंबर तक मतदाता या राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि दावा-आपत्ति दाखिल कर सकते हैं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्राप्त प्रगणन पत्रों पर निर्णय एवं दावों-आपत्तियों का निष्पादन 25 सितंबर तक कर लेंगे और 30 सितंबर को अंतिम निर्वाचक सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा डीएम ने बताया कि शनिवार से 01 सितंबर तक हर दिन विशेष कैंपों में मतदाता सूची संबंधी सभी प्रकार के आवेदन लिए जाएंगे बीएलओ के पास सभी आवेदन का प्रारूप होगा इसके अलावे ऑनलाइन आवेदन के लिए डाटा इंट्री आपरेटर भी रहेंगे इस अभियान का उद्देश्य है कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और अपात्र नाम सूची में रहे नहीं इसके लिए बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया है सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को भी निर्वाचन विभाग की टीम ने प्रशिक्षण दिया है आमजन को विशेष सुविधा देने के लिए 02 अगस्त से 01 सितंबर तक सोमवार से रविवार तक पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों तथा शहरी निकाय कार्यालयों में विशेष कैंप कार्यरत रहेगा यह विशेष कैंप पूर्व में संचालित व्यवस्था के अतिरिक्त होंगे रविवार तीन अगस्त को सभी बूथ पर बीएलओ पूर्वाह्न नौ से अपराह्न पांच बजे तक फॉर्म के साथ उपस्थित रहेंगे दिव्यांग एवं वृद्धजन जो कैंप तक नहीं पहुंच सकते हैं बीएलओ उनके घर जाकर उनसे आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे हर सप्ताह मिले दावा-आपत्तियों की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी एक बीएलओ एक दिन में अधिकतम 10 दावा-आपत्ति प्राप्त करने के साथ अधिकतम 30 फॉर्म विशेष कैंप में जमा कर सकते हैं फॉर्म के साथ बीएलए का घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए। आवेदकों को आवेदन की पावती दी जाएगी जिलाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य की निगरानी व शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है टोल फ्री हेल्पलाइन 1950 नंबर सक्रिय है इस फोन के जरिए मतदाता कार्ड बनवाने समेत किसी भी प्रकार की जानकारी ले सकते हैं संबंधित विधानसभा क्षेत्र बूथ लेवल ऑफिसर का नंबर समेत सभी प्रकार की जानकारी यहां उपलब्ध है विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की आगामी गतिविधियों तथा निर्वाचन कार्यों में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में भी कारगर पहल किया जा रहा है श्री नवीन ने पात्रों से ससमय दावा-आपत्ति दाखिल किए जाने की अपील की एडीएम रविकांत सिन्हा ओएसडी नागमणि कुमार वर्मा ईओ डॉ. प्रियंका गुप्ता उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. नजरूल हक बीडीओ अभिनव मिश्रा टाउन प्लानर स्नेहल अंशु आदि ओहदेदार मौके पर मौजूद थे

### प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का हुआ विस्तार ,

- **सीएम आवास घेराव को सफल बनाने पर बनी रणनीति**

**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के बीआरसी भवन में रविवार को प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का बैठक प्रखंड अध्यक्ष पुस्तम हजाम की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। बैठक में कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें बुधराम गोप को महासचिव, अक्षय कुमार महतो को पिलीद संकूल अध्यक्ष एवं लेपाटांड़ संकुल का कार्यकारी अध्यक्ष मदन रजवार को चयनित किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 5 सितम्बर को मुख्यमंत्री आवास घेराव को सफल बनाने पर रणनीति बनाई गई। सीएम आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर सभी सहायक अध्यापक 200 रूपए संकुल अध्यक्ष के पास जमा करने का निर्देश दिया गया एवं सभी प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को घेराव में सामिल होने पर सहमति बनाया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष पुस्तम हजाम, मदन रजवार, रविन्द्र महतो, अनिता दास, नमिता महतो,खूदीराम महतो आदि उपस्थित थे।



### ईचागढ़ में लगातार बढ़ रहा डायरिया का प्रकोप

**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप घटने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुदड़ी से शुरू होकर,बांदु, रांगाडीह,चुनीडीह सहित दर्जनों गांवों में डायरिया से ग्रामीण दो सप्ताह तक जुझते रहे । वहीं शनिवार देर रात से ही पिलीद गांव में करीब एक दर्जन ग्रामीण डायरिया का चपेट में आए । रविवार को विधायक सविता महतो के निर्देश पर ईचागढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों का टीम गांव पहुंचे और दवा,ओआर एस एवं वल्चिग पाउडर का वितरण किया। वहीं सुनिता देवी एवं 13 वर्षीय बच्चा मनीष प्रामाणिक को तत्काल परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु सिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं सावित्री सिंह मुण्डा सहित कई मरीजों को गांव में ही इलाज कराया जा रहा है। वहीं पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने भी डायरिया पीड़ितो का जायजा लिया एवं पूर्ण रूप से ठीक नहीं होने तक लगातार चिकित्सा शिविर लगाने का मांग किया।



### शिव भक्तों की सेवा ही परम सुखः प्रभाकर

**बैद्यनाथ धाम ( देवघर ) /रिपब्लिक नेशन।** सावन महीने में बाबाधाम का महत्व बढ़ जाता है, इस महीने में लाखों भक्त बाबा बैद्यनाथ मंदिर आते है। कल अंतिम सोमवारी को जलार्पण करने आ रहे कांवरियों के बीच शुद्ध पेयजल, फ्रूटी और फलाहार वितरण पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के स्टेशन प्रबंधक प्रभाकर के नेतृत्व में बोलबम का सेवा किया।
प्रभाकर ने बताया कि बाबाधाम पहुंचने पर सबसे पहले कांवरिया शिवगंगा में स्वयं को शुद्ध करने के लिए डुबकी लगाते है फिर कतारबद्ध होकर बाबा मंदिर में बाबा बैद्यनाथ पर गंगाजल अर्पित करते है। इस तरह शिव भक्तों को पूजा अर्चना कर उन्हें अपार सुख की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं को सुगम जलार्पण कराने में अपने सेवा और सहयोग करने से परम सुख व आनंद की अनुभूति होती है।




## लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के विरोध में जामताड़ा के युवाओं ने किया पुतला दहन।

**रिपब्लिक नेशन।**

**संवाददाता / जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में लगातार बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को लेकर रविवार को सुभाष चौक पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक डॉ. इरफान अंसारी का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में आक्रोशित युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जामताड़ा सदर अस्पताल में न तो आईसीयू की सुविधा है, न ही वेंटिलेटर की व्यवस्था। साथ ही पर्याप्त योग्य चिकित्सकों की भारी कमी है। इसके चलते कई गरीब और जरूरतमंद मरीजों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने ₹स्वास्थ्य मंत्री मुर्दाबाद₹, ₹रील मंत्री मुर्दाबाद₹, ₹सदर अस्पताल की व्यवस्था सुधारो₹, ₹दक्षिणबहाल पुल का शीघ्र निर्माण करो₹, ₹शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करो₹ जैसे जोरदार नारे लगाए।

» मौतों की वजह बनी खराब व्यवस्था

जेएलकेएम जिला अध्यक्ष मंतोष कुमार महतो और रिज़वान शेख आदि ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पांडेडीह मोहल्ले में एक गरीब दलित महिला की इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई थी। इसकी सूचना मंत्री और उनके निजी सलाहकार को दी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसी प्रकार 31 जुलाई को पट्टाजोरिया मोड़ पर एक सड़क दुर्घटना में घायल पांडव यादव को समय पर एम्बुलेंस न मिलने के कारण टोटो से अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया, लेकिन इलाज में देरी के कारण उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 108 नंबर पर कई बार कॉल करने के बावजूद कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इसके अतिरिक्त हाल ही में नारायणपुर थाना क्षेत्र में एक एम्बुलेंस पेट्रोल खत्म होने के कारण फंसी रह गई थी, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को भारी परेशानी हुई।



» शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर भी उठे सवाल

प्रदर्शनकारियों ने जिले में बीएड कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज और पीजी स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था न होने पर भी गहरी नाराज़गी जताई। साथ ही क्षतिग्रस्त दक्षिणबहाल पुल और अधूरे सोनबाद पुल निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

» प्रदर्शन में शामिल प्रमुख लोग:

रिजवान शेख, जसीम अंसारी, परमेश्वर दास, विक्रम दास, मंतोष महतो, किशोर मंडल, बासुदेव दास, राजकिशोर महतो, रामप्रसाद दास, शिशु सिंह, राकेश गुप्ता, सागर बाउरी, राहुल दास, अजय राउत, राजा अंसारी, शरद दास, अभिजीत दास, विपिन दास, संदीप मिर्धा, प्रकाश कुमार, अर्जुन रजवार, बरकत अंसारी, जीतन मिर्धा, राजेश महतो और इरफान अंसारी समेत दर्जनों युवाओं की उपस्थिति रही।




## संक्षिप्त समाचार

### आइइएल महिला क्लब द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन

**गोमिया/रिपब्लिक नेशन।** आइइएल महिला क्लब द्वारा रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कई तरह की प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमा विश्वास और नीलांजना दासगुप्ता



को स्वागत कमेटी के अध्यक्ष सुप्रिया जाना एवं अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान सावन महोत्सव कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सावन प्रिंसेस का खिताब मोनी सिंह और सावन क्वीन का खिताब वर्षा जैन को दिया गया। बेस्ट सिंगर का पुरस्कार नंदिता भट्टाचार्य एवं रश्मि जैन को मिला। बेस्ट डांसर का पुरस्कार रूबी सिन्हा और सुमन शर्मा को मिला। बेस्ट श्रृंगार अंकिता सिंह को एवं बेस्ट मेहंदी मोनालिसा ब्रह्मचर्य को मिला। बेस्ट आउटफिट ममता पोद्दार को मिला और स्पेशल पुरस्कार दीपा झा, मौसम वर्मा, रूबी शर्मा एवं रूपा रवानी को दिया गया। मौके पर महिला कमेटी की अध्यक्ष सुप्रिया जाना सदस्य प्रत्यूशा विश्वास , संगीता यादव, हेमलता यादव, स्मिता कर, कविता सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### पड़रिया ग्राम से श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम रवाना

**गोमिया /रिपब्लिक नेशन।** गोमिया प्रखंड के पड़रिया ग्राम से रविवार को कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर पड़रिया ग्राम स्थित श्री बजरंगबली मंदिर एवं मां मनसा मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात बाबा धाम



के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे सुल्तानगंज से गंगा जी से कांवर में जल भरकर पैदल चलकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जल अर्पित करेंगे। मौके पर खईटा होटल संचालक हीरालाल यादव उर्फ खैटा, सुरज पांडेय, नरेश यादव, मंजू देवी, कुंती देवी, परी कुमारी आदि शामिल थे।

### मैथन में सावन महोत्सव का आयोजन

**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** मैथन डैम गोगना स्थित ब्लू वाटर में महिलाओं की ओर से रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। काफी संख्या में



महिलाएं व युवतियों ने भाग लिया। उन्होंने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक श्रृंगार में सजी धजी महिलाएं फिल्मी गीतों पर थिरकते हुए महोत्सव का भरपूर आनंद उठाया। पूरा वातावरण संगीत, हंसी और उल्लास से गुंजायमान था। कार्यक्रम में सावन से जुड़े पारंपरिक गीत, नृत्य और रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं की सहभागिता ने समां बांध दिया। सावन महोत्सव ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारी सांस्कृतिक परंपराएं आज भी समाज को जोड़ने व खुशियां बांटने का कार्य करती है। महिलाओं ने कहा कि सावन महोत्सव नारी जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। मिलन उत्सव और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। मुख्य संयोजक अमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में सावन महोत्सव हुआ। मौके पर डिम्पल कुमारी, पायल चौधरी, मधु पटेल, चंचल कुमारी, सविता कुमारी, नीतु कुमारी, पूजा झा, रुपाली कुमारी, गुड़िया, पायल, लक्ष्मी, सरोज, पूजा, अल्का आदि थे।

### मैथन में महिलाओं ने मनाया फ्रेंडशिप डे

**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** मैथन स्थित साकेत सेलिब्रेशन में रविवार को महिलाओं एवं युवतियों ने विश्व फ्रेंडशिप डे मनाया। केक काट कर फ्रेंडशिप डे का शुभारंभ किया गया। एक दूसरे को फ्रेंडशिप डे की बधाई दी गई। कहा कि वर्तमान समय में फ्रेंडशिप डे का बहुत बड़ा महत्व है। फ्रेंड हर सुख दुख में शामिल होकर एक दूसरे के सुख-दुख को बांटते हैं। किसी प्रकार का कष्ट होने पर फ्रेंड को याद करने से समस्या समाधान



हो जाता है। महिलाओं ने संदेश दिया कि दोस्ती एक ऐसा पवित्र संबंध है, जिसमें निस्वार्थ भावना से एक मित्र दूसरे मित्र का सहयोग करते हैं। इसमें ऊंच-नीच गुण-दोष की भावना से ऊपर उठकर संबंधों को निभाया जाता है। आज लोग मोबाइल में काफी व्यस्त हैं, जिससे समाज व परिवार से दूर होते जा रहे हैं। सभी ने फ्रेंडशिप-डे का भरपुर आनंद उठाया। कभी साथ नहीं छोड़ने और हर सुख-दुख में शामिल होने का संकल्प लिया। मौके पर शिखा झा, शबाना अंजूम, इंद्राणी मंडल, आबिदा आजाद, सोमा मुखर्जी, हेमा आदि थीं।

# सेवा और संघर्ष के पर्याय थे समाजसेवी शक्तिकांत प्रसाद :चुन्नू कांत

## समाजसेवी शशिकांत प्रसाद की पांचवीं पुण्यतिथि पर गिरिडीह में जमुआ के धरचांची में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रिपब्लिक नेशन।**

गिरिडीह:जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव व बीजेपी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य चुन्नू कांत ने कहा कि शक्तिकांत सेवा और संघर्ष के पर्याय थे । आजीवन उन्होंने दुखियारों का आंसू पोछने का काम किया है।






भाजपा नेता चुन्नूकांत रविवार को जिले में जमुआ के धरचाचीं स्थित मां शक्ति फ्यूल पेट्रोल पंप निकट समाजसेवी शशिकांत प्रसाद को श्रद्धांजलि देने हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने शक्तिकांत के जीवन और आदर्श पर चर्चा करते हुए कहा कि वह अपने आदर्श के पक्के थे ,और पीड़ितों के लिए हमेशा करने वाले व्यक्ति निर्भीकता उनके भीतर कूट-कूट कर पड़े थे, गलती करने वाला कितना ही मजबूत देखा क्यों ना हो, वह डटकर उसका विरोध करते थे।

बाबा कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिन्हा ने भी शक्तिकांत की जमकर तारीफ की और कहा कि जिस संस्कृति को उन्होंने इस क्षेत्र में आरंभ किया था, उसे उनके परिजनों ने मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का काम किया है।

इस मौके पर जिला भाजपा नेता नागेश्वर दास ने कहा कि वक्ताओं ने जिस तरह से उनके कार्य संस्कृति की तारीफ की है, उससे यह प्रमाणित हो जाता है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी सामाजिक कार्य में मजबूती के साथ आगे बढ़कर काम करने वाले लोगों की श्रृंखला में शक्ति प्रसाद जी का भी नाम था है।

कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा मुखिया दशरथ दास मुखिया प्रतिनिधि सदानंद राय उप मुखिया जुमदालिस शेख अधिवक्ता केदारनाथ सिंह सेवानिवृत्ति विपणन अधिकारी संतोष कुमार सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त की और शक्तिकांत की जीवन और आदर्शों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में आयोजिकों की ओर से लोगों के बीच बरसाती का वितरण किया गया। इसके अलावे आगंतुक अतिथियों को शॉल व अंग वस्त्र आदि भेंटकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन मोहम्मद सरताज और धन्यवाद ज्ञापन राजीव कांत ने किया।

# मोंगिया प्रबंधन को मजदूरों के आगे झुकना पड़ा

- **मोंगिया पॉवर प्लांट में उत्पन्न। विवाद पर वार्ता हुई सफल,मजदूर के अधिकारों को लागू करेगा प्रबंधन**
- **माले के वरिष्ठ नेता पूरन महतो,माले नेता राजेश सिन्हा,असंगठित मजदूर मोर्चा के सभी अधिकारी कन्हाई पांडेय के नेतृत्व में वार्ता हुई,लिखित आश्वाशन जीएम ने दिया**



**रिपब्लिक नेशन।**

**गिरिडीह।** आखिरकार गिरिडीह में मोंगिया पावर प्राइवेट लिमिटेड टुण्डी रोड, चतरो के फैक्ट्री प्रबंधन को मजदूरों के आगे झुकना पड़ा और काम से जबरन निकाले गए कामगार नवीन पाण्डेय को वापस काम पर बुलाया गया।

ज्ञात हो कि ताराटांड़ निवासी नवीन पाण्डेय मोंगिया पावर प्रा लि में लगभग पांच वर्षों से सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। जिसको प्रबंधन ने बेवजह काम से निकाल दिया था। नवीन पाण्डेय ने इसकी लिखित शिकायत असंगठित मजदूर मोर्चा से की। मामले को असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले ने संज्ञान में लिया और संवैधानिक धरने पर बैठ गए। धरने पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। लंबे इंतजार के बाद प्रबंधन ने बात की। प्रबंधन ने कहा कि नवीन पाण्डेय गलतफहमी के शिकार हुए। वह चाहे तो पुनः पूर्व की भांति काम पर वापस आ जाएं। मौके पर भाकपा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहींप्रबंधन की ओर से जीएम अमर यादव, लेदू सिंह, नरेंद्र सिंह अमरदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# नहर के अंतिम छोर तक पहुंचाएं पानी : श्री नवीन

## जमुई में पदाधिकारी और अन्नदाताओं के बीच हुआ सीधा संवाद

**रिपब्लिक नेशन।**

जमुई : जल संसाधन विभाग पटना के निर्देश पर सिंचाई प्रमंडल जमुई ने नगर परिषद के सभा कक्ष में कृषक जागरूकता बैठक का आयोजन किया। बैठक में सिंचाई के बेहतर प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई किसानों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसे पदस्थों ने अंकित कर इस पर यथोचित कार्रवाई किए जाने की बात कही अभियंता पदाधिकारी अन्नदाता आदि जन बैठक में उपस्थित थे जिला कलेक्टर श्री नवीन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का पुख्ता प्रबंध करें हर खेत को सिंचाई के लिए वांछित जल मिले इसके लिए कारगर प्रयास किया जाना चाहिए उन्होंने जमुई में कुछ जगहों को छोड़कर वर्षापात पर संतोष जताते हुए कहा कि इस साल खरीफ फसल की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है डीएम ने कार्यपालक अभियंता ई. गौतम कुमार के कार्यों की जमकर तारीफ



की और उन्हें कुशल पदस्थ करार दिया श्री नवीन ने अन्नदाताओं का बैठक में स्वागत करते हुए उन्हें किसानी कार्य में हर संभव सहयोग दिए जाने का भरोसा दिलाया जिला कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि किसानी खेती सिंचाई पर निर्भर करता है जल के बिना कृषि कार्य संभव नहीं है जल की उपलब्धता के चलते जहां खरीफ फसल 82 हजार हेक्टेयर में लगाया जाता है वहीं जल की कमी के चलते रबी फसल की बुआई 55 हजार हेक्टेयर में हो पाती है गरमा फसल 10 हजार हेक्टेयर में सिमट जाता है उन्होंने इस वर्ष जमुई जिला में सबसे ज्यादा वर्षापात होने की बात बताते हुए कहा कि बिहार के नौ जिलों में यह जिला अव्वल है जमुई में पानी की उपलब्धता के चलते 70 प्रतिशत धान रोपनी का कार्य हो चुका है और बाकी बचा कार्य प्रगति पर है उन्होंने इस सप्ताह हे भीतर जमुई जिला में सौ प्रतिशत धान की रोपनी हो जाने की बात कही जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को समस्याओं से अवगत कराए जाने के लिए प्रेरित किया ताकि उसका निदान किया जा सके कार्यपालक अभियंता ई. गौतम कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अपर किऊल जलाशय गढ़ी डैम गिद्धेश्वर वीयर और कुंदर बराज से जमुई जिला के साथ निकट के लखीसराय जिला के किसानों को सिंचाई का जल दिया जाता है। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए बैठक का आयोजन किए जाने की बात कही ई. कुमार ने कहा कि कनीय अभियंताओं को शिकायत पंजी दिया जा रहा है वे नहर के साथ खेतों पर जाएंगे किसानों से समस्याओं को जानेंगे लिखित समस्याओं का यथोचित समाधान किया जाएगा कार्यपालक अभियंता ने जमुई जिला में 485 मिलीमीटर की जगह अबतक 704 मिलीमीटर वर्षापात होने की जानकारी देते हुए कहा कि यह सुखद स्थिति का द्योतक है उन्होंने सिंचाई व्यवस्था को और बेहतर किए जाने का संकल्प व्यक्त किया

एडीएम रविकांत सिन्हा सहायक अभियंता ई. सूरजभान सिंह कनीय अभियंता स्मिता पूजा किसान अजीत कुमार सिंह आदि जन बैठक में उपस्थित थे किसानों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा जिसे पदस्थों ने पंजीकृत किया और इसके निदान किए जाने की बात कही

### जिप सदस्या ने महामहिम राज्यपाल को समस्याओं से अवगत कराया

**डुमरी/रिपब्लिक नेशन।** डुमरी जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने रविवार को महामहिम राज्यपाल झारखंड को अलग अलग मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा । इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार,फुलचंद किस्कू एवं दीपक श्रीवास्तव उपस्थित थे। जिप सदस्या



ने एसडीएम,बीडीओ,एमओ सहित विभिन्न रिक्त पदों पर शीघ्र ही अधिकारियों की पदस्थापना करने की अपील की है। वहीं डुमरी प्रखण्ड में प्रसिद्ध पारसनाथ रेलवे स्टेशन रोड के सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान कराने की अपील की है। वहीं डुमरी अनुमंडल में एक अग्निशमन वाहन स्थाई रुप से उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही डुमरी में ट्रांसफर्मर रिपेयर वर्कशॉप की स्थापना कराने,डुमरी प्रखण्ड में कब्रिस्तान चाहरदिवारी के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग करने करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग की है। जबकि आस्था की स्थल बजरंगटांड़ में निमियाघाट थाना दारोगा पुअनि उमर खान के द्वारा अंचल द्वारा कार्य रोकी गई जमीन पर खड़ा होकर काम कराने तथा लक्ष्मणटुण्डा ग्राम कल्याण समिति हिन्दू समाज के अध्यक्ष एवं ग्रामीणों के साथ धक्का मुक्की कर दुर्व्यवहार करने की बात कहते दोषी थाना के अधिकारी पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### मुखियाओं की समस्याओं को विधान पटल पर रखने की अपील

**डुमरी/रिपब्लिक नेशन।** झारखण्ड प्रदेश मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव का मांगों से संबंधित लिखित ज्ञापन संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुबोध यादव सहसचिव प्रतिनिधि संतोष महतो ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को सौंप कर त्रिस्तरीय पंचायत



के जनप्रतिनिधियों के मांगों को विधान पटल पर रखने की अपील की है।ज्ञापन में जिन मांगों का उल्लेख किया है जिसमें 15वें वित्त'को राशि विगत डेढ़ वर्षों से ग्राम पंचायत को नहीं मिली है,जिसके कारण पंचायत का विकास का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है। जनप्रतिनिधिगण जनता को कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं,इसलिए शीघ्र राशि दी जाए।कार्य अवधि के दौरान किसी भी त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधि की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर उचित 30 लाख की मुआवजा दी जाए ताकि उनका परिवार का भरनपोषण हो सके।

मुखियों का मानदेय केरल राज्य के तर्ज पर 30 हजार रुपये दिया जाए,टाइड एवं अनटाइड मद की राशि को जरूरत के अनुसार खर्च करने अधिकार दिया जाए।

सभी त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों को 29 विभागों में पूर्ण अधिकार मिले।

# प्रेमचंद स्मृति व्याख्यान : प्रेमचंद की स्मृति में प्रेमचंद और काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन

**रिपब्लिक नेशन।**

गिरिडीहःजन संस्कृति मंच, गिरिडीह द्वारा रविवार को 'प्रेमचंद स्मृति व्याख्यान' के तहत 'हिंदी-उर्दू लेखन ( संदर्भ : प्रेमचंद) एवं कवि गोष्ठी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में था। पहला सत्र व्याख्यान एवं दूसरा सत्र काव्य गोष्ठी का था ।

व्याख्यान सत्र के मुख्य वक्ता थे डॉ गुलाम समदानी और डॉ शैलेन्द्र कुमार शुक्ल। डॉ समदानी ने कहा कि प्रेमचंद भारतीय जीवन के कथाकार थे और उनकी ख्याति अंतरराष्ट्रीय है। प्रेमचंद की रचनाशीलता के केंद्र में थी। आजादी और उनकी कोशिश मानव हृदय में जड़ जमाई हर तरह की गुलामी को निकाल बाहर करना था। इसके लिए उन्होंने आम अवाम की भाषा को अपनाया। हिंदी-उर्दू के माध्यम से उन्होंने किसानों, मजदूरों, बच्चों , दलितों और महिलाओं के जीवन की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत की।

डॉ शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि सांप्रदायिकता कभी धर्म को तो कभी भाषा को आधार बनाती है। उन्होंने प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू के उस वक्तव्य का जिक्र किया जिसमें उन्होंने लेखन के लिए आम आदमी की समझ की भाषा को जरूरी बताया था। शैलेन्द्र ने प्रेमचंद की भाषा को भारतीय समाज की भाषा कहा और बताया कि भाषा उनके लिए माध्यम है। वे हिंदी को ज्यादा



हिंदी और उर्दू को ज्यादा उर्दू बनाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं थे। डॉ. अंजर हुसैन ने कहा कि हिंदी और उर्दू दोनों हिंदुस्तान की भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की जितनी भाषाएं हैं, सबका संबंध हिंदी-उर्दू से है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांडेय जिला परिषद के सदस्य मुफ्ती सईद आलम ने की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद अपने समय में केवल अपने समय के लिए ही नहीं लिख रहे थे। उनसे हम आज भी अपने समय को समझने में मदद लेते हैं। व्याख्यान सत्र का संचालन जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य महेश सिंह ने किया।

कार्यक्रम का दूसरा सत्र सम्मान और काव्य गोष्ठी का था। इस अवसर पर जन संस्कृति, मंच, गिरिडीह की तरफ से उर्दू के शायर कलीम साज़दि को हिंदी-उर्दू लेखन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवि को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। सम्मानित कवि के बारे में डॉ बलभद्र ने कहा कि कलीम साज़दि की गजलों में हमारे समय और समाज का यथार्थ दर्ज हुआ है। वे बेहद सहज भाषा में अपनी बात कहते हैं। सम्मान के बाद काव्य पाठ में शहर के हिंदी उर्दू के कई कवियों और शायरों ने अपनी अपनी रचनाओं के पाठ किए। सरफराज चांद ने सुनाया कि 'हमारे देश की मिट्टी में है खुशबू मुहब्बत की।' सलीम परवाज ने फूलों के ख्वाब के साथ फूलों के प्यार की बात की। छोटू प्रसाद चंद्रप्रभ, प्रदीप कुमार गुप्ता, हलीम असद, क्रांति कुमार शर्मा, जावेद हुसैन जावेद, मशकूर मयकश, महेश सिंह आदि ने काव्य पाठ किए। कवि गोष्ठी के अध्यक्ष सम्मानित कवि कलीम साज़दि ने भी अपनी कविताएं सुनाई। गोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय पार्षद शंकर पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रभात कृष्ण ने किया। कार्यक्रम में हीरा लाल मंडल, दिवाकर रविदास, विशाल, अजय, मनी, राजू, प्रदीप, ऋषि, साजन कुमार पाठक, विशाल की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह प्रवेश की धार्मिक रस्म संपन्न

● अतिथियों का लगा रहा तांता. भव्य भंडारा का आयोजन

**रिपोर्ट विनय कुमार/रिपब्लिक नेशन।** कोडरमा : जिला के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत धरगांव निवासी सत्यम शिवम सुंदरम प्लस टू उच्च विद्यालय फुलवरिया,रामकृष्ण मेहता,सहायक अध्यापक मुन्नी कुमारी के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ.गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ 30 जुलाई को जल यात्रा के साथ शुरू हुआ वहीं 31जुलाई को देव पूजन का कार्यक्रम के साथ सत्यनारायण कथा का आयोजन तथा 1 अगस्त को गृह प्रवेश एवं पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारा का आयोजन हुआ मौके पर भव्य भंडारा का आनंद लेने के लिए कोडरमा व्यवहार न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता सुधीर कुमार,दिव्या रानी के साथ-साथ कोडरमा जिला के विभिन्न मीडिया से जुड़े पत्रकार बंधु उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण किये.पूजा अर्चना,विधि विधान में कुल पुरोहित पृथ्वी नाथ पांडेय,आचार्य मनीष पांडेय,वैदिकाचार्य पंकज पांडेय,धीरज पांडेय,नीरज पांडेय की अहम भूमिका रही.पुजारी के रूप में पत्रकार के पिता जयनारायण मेहता माता कविलास देवी रही.कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मण मेहता राजेंद्र मेहता.वृंदा देवी शकुंतला देवी की सराहनीय भूमिका रही.मौके पर समाजसेवी बुद्धिजीवी,जनप्रतिनिधि,शिक्षक वृंद की गरिमामयी उपस्थिति रही.हजारों हजार की संख्या में महाप्रसाद का आनंद लेकर अपने आप को यहो भाग्य समझे. विद्वान अधिवक्ता सुधीर कुमार ने कहा बड़े संयोग से ऐसे कार्यक्रम मे भाग लेने का मौका मिलता है.



### डीडीटी छिड़काव और ब्लीचिंग पाउडर की आपूर्ति करने की मांग

**टाटीझरिया(हजारीबाग) /रिपब्लिक नेशन।** बरसात के मौसम में अनेक बीमारियां उत्पन्न होती है। क्योंकि बरसाती मौसम में गड्ढे -नाले में जल का जमाव हो जाता है और उसमें कीड़े पनपने लगते हैं,जो बीमारी का कारण बनते हैं। उसी प्रकार बरसाती पानी से कुएं भर जाते हैं और उसे पीने से हैजा,दस्त आदि बीमारियां होने लगते हैं। इससे बचाव के लिए पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय -समय पर डीडीटी का छिड़काव होता था। उससे मच्छड़ नहीं पैदा होते थे अथवा बहुत कम होते थे। जब से स्वास्थ्य समिति गांवों में बना दी गई है ,तब से शायद ही एक -दो बार डीडीटी का छिड़काव हुआ हो। वैसे तो ब्लीचिंग डालने का काम समिति द्वारा हर साल किया जाता है। कुछ स्थानों में इस साल भी ब्लीचिंग डाला जा रहा है ,लेकिन कई गांव अब भी इससे वंचित है। खंभवा के ग्रामीण ब्रजकिशोर सिंह ,रविन्द्र सिंह,प्रयाग महतो,बालेश्वर रविदास, मंडपा गांव के सहदेव यादव समेत अन्य ने क्षेत्र में ब्लीचिंग और डीडीटी की आपूर्ति करने की मांग सिविल सर्जन से किया है।

### नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान,प्रमुख ने किया स्वागत

**टाटीझरिया,(हज़ारीबाग) /रिपब्लिक नेशन।** टाटीझरिया थाना के प्रभारी के रूप में इंद्रजीत कुमार ने योगदान दिया। वे 2018 बैच के थाना प्रभारी हैं। इसके पूर्व वे बड़कागांव थाने में पदस्थापित थे। इनके योगदान पर प्रखंड प्रमुख संतोष मंडल ने गिफ्ट देकर स्वागत किया। प्रमुख ने उन्हें कहा कि टाटीझरिया थाना क्षेत्र शांतिप्रिय क्षेत्र है और आपको यहां के जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध जनों का काफी सहयोग मिलेगा। थाना प्रभारी ने भी आश्वस्त किया और कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखना,जनसहयोग से अन्य समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। बताया कि पुलिस-पब्लिक के बीच सामंजस्य बनाकर काम करना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना ,अपराध पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकता होगी। प्रमुख के साथ सहदेव यादव भी मौजूद थे।



### बरतुआ में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, 10 घरों को किया ध्वस्त



**बड़कागांव संजय कुमार /रिपब्लिक नेशन।** बड़कागांव प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत आंगो के बरतुआ गांव में हाथियों के झुंड ने 8 बजे रात को 10 कच्चे मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार हाथी सिमराजरा गांव जो दुर्गम पहाड़ी की ओर से अचानक पहाड़ से नीचे उतर गए और जमकर तबाही मचाई।

घर में रखे हुए चावल, धान, महुआ, गेहूं, प्याज इत्यादि अनाजों को चट कर गए। हालांकि अभी तक किसी लोगों के साथ अप्रिय घटना होने की जानकारी नहीं मिल पायी है।

वहीं हाथियों ने जिन घरों को बूरी तरह क्षतिग्रस्त किया है उसमें तिलका मुर्मू, फागू मुर्मू, शनिचरवा खलखो, सुमित खलखो, रूदन बंडों,रामा खलखो, दीपक खलखो, पंचम मिंज, दोलेन गाड़ी, सहित कोयलंग-पतरा निवासी अशोक महतो का पक्का मकान का दरवाजा खिड़की को तोड़ दिया एवं लाखों रुपए का अनाज को भी खा गए। जानकारी पश्चात आंगो मुखिया नीलम मिंज, पंसस- संगीता कुमारी,उप मुखिया लालो महतो, पंचायत सहायक - बिरेन्द्र कुमार महतो, वार्ड सदस्य - बिमल टुडू ने पीड़ितों के लिए प्रशासन एवं वन विभाग से मुआवजा की मांग की।

### उरेज में मनाई जाएगी 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस कोलेश्वर गंझू



**बड़कागांव संजय कुमार /रिपब्लिक नेशन।** बड़कागांव 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाने को लेकर अंगों पंचायत सचिवालय सभागार भवन में आदिवासी समाज की अहम बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता कालेश्वर गंझू एवं संचालन अंगों पंचायत के मुखिया नीलम मिंज ने किया। बैठक में उरेज गांव के एनपीआर कॉलोनी के सभागार भवन मैं अंतर्राष्ट्रीय दिवसमनाई जाएगी। जिसमें समाज की मजबूती को लेकर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया जाएगा। बैठक में शामिल लोगों में मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी, समाजसेवी रमन गंझु, नागेश्वर गंझु, मैनेजर गंझु, वासुदेव गंझु,कामेश्वर गंझु, एतवा बेसरा , एतवा गंझु, दर्शन गंझु, संतोष गंझु, सोनू मुंडा के अलावा अन्य शामिल थे।

# टोकीसूद नॉर्थ कोल माईन एवं रैयतों के बीच बैठक संपन्न

● रैयतों ने कमर्शियल रेट का चार गुना प्रति एकड़ मुआवजा की मांग किया

● सेक्सन 7 व 9 की दी जानकारी , सेक्सन 11 लगने के बाद फिर करेंगे बैठक : अधिकारी





रिपब्लिक नेशन।

**बड़कागांव संजय कुमार /बड़कागांव ।** हजारीबाग जिला बड़कागांव प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत आर एंड आर कॉलोनी उरेज के सामुदायिक भवन में एनएमडीसी लिमिटेड एवं ऋत्विक माइनिंग कंपनी के द्वारा टोकीसूद नॉर्थ कोल माईन परियोजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक मुख्य रूप से कंपनी के अधिकारी एवं रैयत अपनी - अपनी बातों को रखें।समाजसेवी सह रैयत कालेश्वर गंझू के द्वारा रैयतों की ओर से मांगो को रखा गया।जिसमें मुख्य रूप से कालेश्वर गंझू ने कहा कि हम सभी रैयतों का मुख्य मांग है की कमर्शियल रेट का चार गुना जमीन का मुआवजा भुगतान किया जाए।और रैयतों को 20 डिसमिल जमीन देने की मांग सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से रखा।वहीं रैयत जागेश्वर गंझू ने कंपनी से मांग किया कि कंपनी स्थापित होने से पूर्व रैयतों को प्रशिक्षण दिलाई जाए।इस दरमियान मौके पर उपस्थित कंपनी के पदाधिकारी ने रैयतों की सभी बातों को सुनते हुए कहा कि इस कोल खनन परियोजना क्षेत्र में सेक्सन 7 एवं सेक्सन 9 लग चुकी है।सेक्सन 11 लगने के बाद रैयतों से मिलकर तमाम मुद्दों पर बातें होगी।और रैयतों के सहयोग से कार्य आगे बढ़ेगा।बैठक में मुख्य रूप से मौजा आंगों , उरेज एवं देवगढ़ अंतर्गत के ग्राम देवगढ़ , चोरा टोंगरी , उरेज , गुड़कुवा , डूमर बेड़ा , पारगढ़ा , चरका पत्थर , नहरिया टोला , किचिन कोचा सहित कोल परियोजना क्षेत्र के सभी गांव के रैयत शामिल थे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।बैठक में मुख्य रूप से कंपनी के एभीपी मनोज सिन्हा , प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विजय सर , वहीं रैयत सह समाज सेवी कालेश्वर गंझू , जिला सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली , रैयत रमेश सिंह भोगता , महमूद खान , रमन गंझू , जागेश्वर गंझू , रामजीत गंझू , नागेश्वर गंझू , रविंद्र गंझू , मैनेजर गंझू , प्रेम गंझू , महेश महतो , श्याम कुमार रंजन , टिकेंद्र गंझू , फिरोज खान , फारुख खान , दिनेश करमाली , विमल टुडू , अजय महतो , जयनंदन गंझू , गोवर्धन गंझू , गणेश गंझू , मंतोक गंझू , तमिल गंझू , बिनोद खालखो, शिवनाथ गंझू , शाहीद खान , धर्मा गंझू , रोहित महतो, बानेश्वर महतो, कुलदीप महतो, समीम खान सहित सैकड़ो रैयत महिला पुरुष शामिल थे।

## पूरनानगर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प

● दोनों पक्ष थाना में दिया आवेदन कार्रवाई की मांग।





रिपब्लिक नेशन।

**रिपोर्ट विनय कुमार/कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत पूरनानगर पंचायत ग्राम धोबियाडीह में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प दोनों पक्ष अलग-अलग आवेदन देकर देकर कार्रवाई हेतु मांग की। वही आवेदक रामचंद्र रजक उम्र लगभग 62 वर्ष पिता स्वर्गीय कार्तिक रजक साकिन पूरनानगर टोला धोबियाडीह थाना नवलशाही जिला कोडरमा के द्वा-रा थाना में आवेदन देकर कहा कि मौज पूरनानगर टोला धोबियाडीह खाता नंबर 20 प्लॉट नंबर 84 रकवा 36 डिसमिल खतियानी रैति जमीन है जिसे हम व हमारे गोतिया आपस में बंटवारा कर उक्त जमीन को हम सभी अपने-अपने हिस्से में ले रखे हैं। किंतु उक्त जमीन जो 36 डेसिमल मध्य 8 डिसमिल जमीन पर राजेंद्र रजक पिता रामधनी धोबी के द्वारा दावा दखल व कब्जा कर रहा है हम लोगों के द्वारा मना करने पर कहता है यह आठ डिसमिल जमीन मेरा है। वहीं दूसरी ओर पूरनानगर ग्राम धोबियाडीह थाना नवलशाही जिला कोडरमा निवासी राजेंद्र रजक पिता रामधनी धोबी का कहना है कि उपरोक्त 8 डिसमिल जमीन से संबंधित मेरे ऊपर लगाया गया आरोप बिल्कुल गलत है क्योंकि वह 8 डिसमिल मेरे पिताजी के द्वारा खरीदा गया है जो मेरे पास वर्तमान जमीन से संबंधित सारा कागजात उपलब्ध है। वहीं 31.7.2025 सुबह लगभग 7:00 दोनों पक्षों के बीच जमीन से संबंधित मारपीट हुई है जिसे लेकर दोनों पक्ष थाना में आवेदन देकर कार्रवाई हेतु इंसाफ की गुहार लगाई है। इधर प्रशासन का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुई है जांचोंउपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आप दोनों पक्ष इंसाफ पाने की घड़ी तक संयम बनाए रखें।

## वरिष्ठ संपादक हरिनारायण सिंह की हुई आकस्मिक निधन



**बड़कागांव संजय कुमार /रिपब्लिक नेशन।** बड़कागांव - झारखंड के हिंदी पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह का आकस्मिक निधन को जाने की सूचना से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इसी के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के तमाम पत्रकारों ने हरिनारायण सिंह के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी एवं शिवशंकर कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी जगत के पत्रकारिता जगत में हरि नारायण सिंह ने कई लोगों को कलम पकड़ कर लिखना सिखाया। उनके चले जाने से पत्रकारिता जगत में एक अपूर्ण छती हुआ है। वह संपादक के पद पर होने के बावजूद भी एक अंचल के साधारण से पत्रकारों से भी मिलकर उन्हें लिखने की कला सिखाते थे। उनके साधारण जीवन शैली ही सभी अंचल के पत्रकारों को उनकी ओर जोड़ता था। शोक सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार संजय सागर, नरेश कुमार, दीपक सिन्हा,पिंटू कुशवाहा दिनकर, विकास रंजन, रितेश ठाकुर, शमशेर आलम, संजय राम,रंजीत कुमार,अनुज यादव सहित बड़कागांव के सभी पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## कर्णपुरा महाविद्यालय ने महाकवि तुलसीदास की जयंती मनाई



रिपब्लिक नेशन।

**बड़कागांव संजय कुमार ।** कर्णपुरा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हिंदी विभाग की ओर से प्रभारी प्राचार्य डॉ.कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में तुलसीदास की जयंती मनाई गई। जिसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद थें। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नु कुमारी ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि तुलसीदास हिन्दी साहित्य के महाकवि थें, उन्होन महान ग्रंथ ॽरामचरितमानसॽ की रचना की ॽरामचरितमानसॽ के जरिए भगवान राम की भक्ति को तुलसीदास ने जन - जन तक पहुंचाया। मुख्य अतिथि टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि तुलसीदास श्री राम के अनन्य भक्त थें। भगवान राम का नाम ही एकमात्र और शाश्वत सत्य है। हमे मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। हिंदी विभाग की डॉ.ललिता कुमारी ने तुलसीदास के जीवन और उनके द्वारा रचित रचनाओं पर प्रकाश डाला। प्रो.सुरेश महतो ने कहा कि तुलसीदास एक महान कवि थें, इतिहासकार विंसेंट स्मिथ ने तुलसीदास को भारत में अपने युग का सबसे महान व्यक्ति और स्वयं अकबर से भी महान कहा। साथ ही अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने भी तुलसीदास की जयंती पर तुलसीदास के जीवन से प्रेरणा ली और उनके द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. फजरूद्दीन अहमद ने किया। तुलसीदास की जयंती के शुभ अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि सह कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ,प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो.किशोर प्रसाद दांगी ,प्रो. लालदेव महतो, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. पवन कुमार, डॉ.सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनीता देवी, छात्र-छात्राओं में राहुल कुमार , सतीश कुमार ,अंबिका कुमारी, नेहा कुमारी ,उर्वशी कुमारी के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थें।

## रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल सत्र 2025-26 के अध्यक्ष बने हरिंदर सिंह मोंगिया, सचिव अनित खंडेलवाल



**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल क्लब का 12वां स्थापना दिवस होटल अशोका इंटरनेशनल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे अध्यक्ष के रूप में हरिंदर मोंगिया व सचिव के रूप में अंनित खंडेलवाल का चयन किया गया।

इस अवसर पर क्लब में नये नेतृत्व का स्वागत किया गया तथा सामाजिक परियोजनाओं की जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में डीजीई रोटेरियन अनु नारंग तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर एजी ज़ोन-8 रोटेरियन डॉक्टर आज़ाद समारोह में शामिल हुए। पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ गौरीसरिया ने क्लब कॉलर अध्यक्ष हरिंदर सिंह मोंगिया को सौंपकर नये नेतृत्व को शुभकामना दी। अध्यक्ष हरिंदर मोंगिया व सचिव अंनित खंडेलवाल ने अपने संबोधन में सामाजिक जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरायी और रोटरी वर्ष 2025-26 के विजन का अनावरण किया।

मौके पर डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया, सतविंदर सिंह सलूजा, मुकेश जालान, चरणजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, वैभव शाहबादी, डॉ सुमन कुमार, अमित अग्रवाल, अभिषेक बगेड़िया, स्वाति बगेड़िया, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## बाईक और कार में टक्कर, एक की हुई मौत एक घायल





रिपब्लिक नेशन।

**टाटीझरिया(हजारीबाग) ।** थाना क्षेत्र के होलंग और रोल पत्थर के बीच हुई सड़क दुर्घटना में बाईक चालक की हुई मौत,जबकि बाईक सवार घायल हुआ।

बताते चलें कि एसयूवी कार नंबर जेएच 22 जी 2656 और केटीएम जेएच 02 बी यू 2320 के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई।जिसमे बाईक के परखच्चे उड़ गए। कार सवार बाबाधाम कांवर यात्रा से लौट रहे थे।दुर्घटना होते ही कार छोड़कर सभी सवार फरार हो गए। दुर्घटना में बाईक चालक 25 वर्षीय विकास गंझू ,पिता बंधन गंझू की मौके पर ही मौत हो गई। उसके माता - पिता के अलावे घर कोई पारिवारिक सदस्य नहीं हैं। वहीं घायल 26 वर्षीय अशोक गंझू, पिता गणेश गंझू को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों हीं युवक विष्णुगढ़ क्षेत्र के महुआटांड निवासी हैं।सूचना मिलते ही टाटीझरिया थाना के एएस आई सोनाराम हेंब्रम,पवन कुमार,रामप्रवेश राय,दीपक कुमार समेत अन्य घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक सड़क के दोनों ओर लंबी गाड़ियों की कतार लग गई थी।

भेलवारा मुखिया गंगाधर महतो ने थाना के एस आई पवन कुमार को यह बतला रहे थे कि हमलोगों को टाटीझरिया के बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज द्वारा कभी भी कॉपरेट नहीं किया जाता है। 30 मई को रोल पत्थर के पास बेलाटांड़ के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। अब तक उसका मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं निर्गत किया गया। जबकि उसका सारा प्रक्रिया पूरा कर दिया गया है। कई बार बीडीओ दवा मृतक के माता - पिता,भाई और मैने खुद उनके पास जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया पर वे अब तक टालते गए।इससे हम सब काफी क्षुब्ध हैं।

# आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज़, फेक न्यूज़ पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश।

**लखीसराय/रिपब्लिक नेशन।**

नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 हेतु गठित मीडिया कोषांग की तैयारियों के तहत बैठक जिला जनसंपर्क कार्यालय, लखीसराय में आयोजित की गई।

बैठक में नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग द्वारा आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 में मीडिया कोषांग की भूमिका, मतदाता जागरूकता अभियान, और सूचनाओं के प्रभावी प्रसार पर विस्तृत चर्चा की गई।

नोडल पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि मीडिया कोषांग द्वारा निर्वाचन से संबंधित सभी सूचनाएं समयबद्ध और पारदर्शी रूप से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जनता तक पहुंचाई जाएं। साथ ही, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, और अन्य माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया गया।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज़, फेक न्यूज़ इत्यादि पर कड़ी निगरानी बरतने का निदेश मीडिया कोषांग के सभी पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को दिया गया।

बैठक में साकेत कुमार, सहायक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, रुपेश कुमार झा प्रोजेक्ट मैनेजर डी. आई.सी. लखीसराय, श्रीमती आकांक्षा सहायक सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जितेंद्र कुमार सिन्हा और शुभम कुमार जिला जनसंपर्क कार्यालय सहित कोषांग से जुड़े सभी कर्मी गण उपस्थित रहे।

## शगुन बैंक्विट होटल में बरनवाल महिला जिला समिति सावन महोत्सव संपन्न



रिपब्लिक नेशन।

**रिपोर्ट विनय कुमार/ कोडरमा ।** मोदी बरनवाल महिला जिला समिति कोडरमा के द्वारा सावन उत्सव कार्यक्रम शगुन बैंक्विट होटल में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत बरनवाल वैश्य समाज के महिला समिति के अध्यक्षा योगाचार्य सुषमा सुमन थी, इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महिला जिला समिति लक्ष्मी बरनवाल की और इस कार्यक्रम के अगुवाई जिला समिति के संरक्षक श्रीमती मंजू बरनवाल के संरक्षक में हुई और कार्यक्रम का व्यवस्थापक जिला समिति के कोषाध्यक्ष संगीता देवी ने की और मंच संचालन फूल कुमारी ने की और सभी मिलकर दीप प्रज्वलित किये, मुख्य अतिथि योगाचार्या सुषमा सुमन ने कार्यक्रम की शुरुआत पहले महाराजा आहिवरण जी को माल्यार्पण की और पुष्प देकर अपने पूर्वजों को याद की और सुषमा सुमन ने संबोधित करते हुए बताई की आज महाराजा अहिवारन जी ने समाज को जोड़ने के लिए जो काम किए हैं आज प्रेरणा स्रोत है हम लोग एकजुट होकर मातृशक्ति को मजबूत करें और बेटा बेटी दोनों लोग को धर्म से जोड़कर संस्कार से जोड़कर और राष्ट्र की सेवा के बारे में घर में जरूर चर्चा करें इससे बच्चे लोग राष्ट्र के प्रति प्रेम जागृत होती है ,आज सावन उत्सव मनाते हैं इससे मातृशक्ति मजबूत होती हैं,आज शंकर भगवान को खुश करने के लिए मां पार्वती भी सावन उत्सव मनाई थी और अपने पति के लिए उपवास करती थी भोलेनाथ खुश होकर आशीर्वाद भी दिए इस पृथ्वी पर प्रत्येक सावन की महीना में श्रद्धालु भक्त मां पार्वती के नाम से नाम गूंजेगी साथ में सभी बहनों लोग से अपील है समाज के परिवार के दुख सुख में जरूर भाग ले आज सुषमा जी को सम्मानित अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर संगीता देवी और कविता देवी ने सम्मानित की और महिला अध्यक्ष और संरक्षक को भी सम्मानित किया गया साथ में महिला अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए बोली जिस तरह बहनों लोग एक साथ जुड़कर एकजुट का परिचय दिए हैं वह सराहनीय इस कार्यक्रम में सहयोग देने वाले फूल कुमारी संगीता देवी कविता देवी लक्ष्मी देवी मंजू बरनवाल पूनम बरनवाल माया मोदी बिना मोदी नीलू देवी ममता मोदी किरण देवी रेखा देवी शारदा मोदी पूर्णिमा मोदी नेहा मोदी अनीता मोदी ज्योति मोदी अर्चना मोदी नीतू मोदी नीलू मोदी नेहा मोदी सुदामा देवी रश्मि मोदी शिवानी कुमारी सुधा देवी पम्मी मोदी बच्ची देवी रेणु बरनवाल आरती बरनवाल संगीता बरनवाल अंशु बरनवाल ममता डोली देवी खुशबू देवी चंपा देवी पिंकी मोदी सभी लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग भी लिए और सहयोग भी किया सभी लोग ने एक ही नारा भारत माता की जय ,जय अहिवरान जय मोदी बरनवाल महिला समिति।




## संक्षिप्त समाचार

### पवित्र कमला नदी के जल से महादेव का जलाभिषेक करेंगे श्रद्धालु



**रिपब्लिक नेशन।** चौथी सोमवारी को जल चढ़ाने हेतु महाकाल के भक्त जलाभिषेक के लिए हुए रवाना। रविवार सुबह कमला बैरेज के पश्चिमी और पुर्वी भाग में हजारों कांवरियां ने जल भरा। दोनों तट शनिवार रात से ही श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ थी। आज रविवार है और छुट्टी का दिन होने से आज भी कांवरियों का तांता लगा हुआ है। पश्चिमी भाग पर्णकुटी मंदिर कि ओर से कांवरियां कपिलेश्वर, उगना,कलना तथा शिलानाथ धाम के लिए जलभरकर रवाना हुए तो वहीं पुर्वी भाग काली मंदिर के साइड से भी गरीबनाथ बाबा व अन्य शिवालयों के लिए शिवभक्तों ने पवित्र कमला नदी से जलभरकर प्रस्थान किया।हर साल कमला पुल पर श्रावणी महोत्सव मनाया जाता है इसबार भी मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। मिथिलांचल के विभिन्न क्षेत्रों से कांवरियां यहाँ आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ को जल अर्पित करने के लिए कमला मईया के जल से जलाभिषेक करते हैं।

मेला में बोलबम सेवा समिति के सदस्यों के साथ- साथ स्थानीय लोग भी अपना सहयोग दे रहें हैं।मेला समिति में बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष शशि हजरा,कार्यकारणी अध्यक्ष उमेश राय, सचिव पंकज कुमार,कोषाध्यक्ष अजय कापड़, संतोष राय,अजय चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थें।

### नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण कमला नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी




**रिपब्लिक नेशन।** मधुबनी जिला के जयनगर में स्थित कमलानदी में रविवार को अचानक से जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी है। दोपहर तक कमला नदी सामान्य से 15 से 20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। सीमावर्ती क्षेत्र नेपाल के शीशापानी, उदयपुर, सिरहा सहित कमला अधिग्रहण क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण कमला नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुआ है। इस संबंध में कमला नहर के अधिकारियों ने बताया कि नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है मगर इसका कोई प्रभाव नहीं होगा। वर्षा के कारण कमला नदी का जलस्तर सामान्य से थोड़ा सा बढ़ा है, जल संसाधन विभाग के द्वारा इस पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के द्वारा कमला नदी पर नजर रखी जा रही है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। जिस ढंग से नदी का जलस्तर यदि बढ़ेगा तो बराज के फाटक खोले जा सकते है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग के द्वारा नदी के जलस्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं कमला नदी के जलस्तर के बढ़ने से नदी पर बना रहे बराज निर्माण कार्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। नदी के पूर्वी छोर पर बराज निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। जल संसाधन विभाग के द्वारा मानसून व बाढ़ को देखते हुए सतर्क है। नदी से सटे पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध सहित जलस्तर के उतार चढ़ाव पर जल संसाधन विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिज्ञ जागरूकता शिविर आयोजित



**लखीसराय/रिपब्लिक नेशन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज अजय कुमार शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लखीसराय के सचिव राजू कुमार के निर्देशानुसार एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन लखीसराय प्रखंड के खगौर पंचायत अंतर्गत वृंदावन ग्राम में किया गया। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता रविश कुमार ने किया।शिविर में पैनल अधिवक्ता नरसिंह प्रसाद ने बाल विवाह अधिनियम पर विशेष चर्चा किए और लोगों को कानूनी जानकारी दिए।पी.एल.भी. अजय कुमार यादव ने लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया।कार्यक्रम में श्री रविश ने जिले के गरीबों,महिलाओं और बच्चों को मुफ्त और सहज न्याय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार लखीसराय का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में विकाश कुमार,मोनू,प्रशांत, राखी,अचल,ज्योति शांति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण बैठक आयोजित, योजना को सफल बनाने का लिया संकल्प



**महागामा (गोड्डा)/रिपब्लिक नेशन।** महागामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सह रेफरल अस्पताल के सभागार में प्रभारी चिकित्सा/पदाधिकारी डॉ खालिद अंजुम की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में महागामा ए, बी, सी एवं महादेवबथान, लहठी, सरवा, कैथीया क्लस्टर से आए सहिया, पोषण सखी, सेविका एवं स्वयंसेवकों को वर्ष 2025 के सामूहिक औषधि सेवन (एमडीए) / गहन औषधि सेवन (आईडीए) कार्यक्रम की जानकारी दी गई।डॉ. अंजुम ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसका जड़ से उन्मूलन जनसहभागिता और समय पर दवा सेवन से ही संभव है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक बृजनन कुंवर, मल्टी टास्किंग स्टाफ शाहीन परवेज, स्वास्थ्य कर्मी मुकेश कुमार एवं अमरेन्द्र कुमार झा भी मौजूद थे।सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

महागामा अस्पताल सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण देते चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर खालिद अंजूम।

# गोड्डा के 34 विद्यालयों का होगा मूल्यांकन

**कल से 13 अगस्त तक चलेगा मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण कार्यक्रम**

रिपब्लिक नेशन।



**बासु कुमार की रिपोर्ट /गोड्डा** महागामा राज्य में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के स्तर को मापने के उद्देश्य से मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिले में इस कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार से होगी।

सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मूल्यांकन का कार्य 13 अगस्त तक चलेगा। मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण कार्यक्रम के पहले चरण में जिले के चयनित 34 विद्यालयों के कक्षा 2 और कक्षा 3 के बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा साथ ही विद्यालय का भी मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 2 और 3 के बच्चों का आकलन बाहरी एजेंसी/ शिक्षक के द्वारा किया जाएगा।


- **तेरह संकेतकों के आधार पर होगा मूल्यांकनः रीतेश**

राज्य स्तरीय प्रशिक्षक रीतेश रंजन ने बताया कि कार्यक्रम के दो प्रमुख घटक मेरा विद्यालय निपुण और मैं भी निपुण है। प्रत्येक विद्यालयों को 13 संकेतकों के आधार पर जांचा जाएगा जिसमें 10 संकेतक विद्यालय स्तरीय और तीन संकेतक विद्यार्थियों के अधिगम स्तर से संबंधित होंगे। जिन संकेतकों पर मूल्यांकन किया जाएगा, उनमें शिक्षण अधिगम सामग्री, शिक्षकों की जागरूकता, कक्षा संचालन, बाल साहित्य का उपयोग और सामुदायिक भागीदारी जैसे बिंदु शामिल है। उन्होंने बताया कि 60% नंबर विद्यालय के आधार पर और 40% नंबर बच्चों के लर्निंग लेवल के आधार पर मिलेगा। यह भी बताया कि 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्कूलों को निपुण विद्यालय का दर्जा मिलेगा और उन्हें स्वर्ण, रजत या कांस्य श्रेणी में प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। वही मैं भी निपुण श्रेणी के तहत कक्षा 2 और 3 के बच्चों की हिंदी, अंग्रेजी और गणितीय कौशल में मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक विषय में न्यूनतम 75% अंक लाने वाले बच्चों को मैं भी निपुण का प्रमाण पत्र मिलेगा।

बैठक में प्रशिक्षक मुरारी प्रसाद शर्मा, निलेश कुमार, सनातन कुमार दास, संपर्क फाउंडेशन से संतोष तिवारी उपस्थित थे।

## महिमा गुप्ता का महागुण (इंडिया) में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए हुआ चयन

रिपब्लिक नेशन राजेश कुमार





रक्सौल की महिमा गुप्ता का चयन नोएडा स्थित महागुण (इंडिया) में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए हुआ है। महिमा इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में एमबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। पिछले वर्ष 'कैट' प्रवेश परीक्षा के जरिए इस इंस्टीट्यूट में दाखिला मिला था।

महागुण (इंडिया) कंपनियों का एक ग्रुप है जिसने देश के अग्रणी बिल्डर और डेवलपर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। इस ग्रुप ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, नोएडा एक्सप्रेसवे और दिल्ली- एनसीआर में विश्वस्तरीय व्यावसायिक और आवासीय निर्माण किए हैं।

महिमा ने 10वीं तक की पढ़ाई साइंस से की। पटना के चार्टर्ड कॉमर्स इंस्टीट्यूट ने मैनेजमेंट कोर्स के प्रति रुचि जगाई। बी आर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय से बी.कॉम.(ऑनर्स) किया। इस दौरान कोलकाता की लेवेल हायरिंग नामक कंपनी में बतौर एचआर रिक्रूटर इंटर्न काम करने का अनुभव भी प्राप्त किया।

उसे कंपनी में अकाउंट्स टीम के साथ समन्वय कर डेटा एंट्री करने, बिल सर्टिफिकेट को टैक्स इनवॉइस के साथ वेरिफिकेशन और ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड्स को मेंटेन करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर महिमा के पिता प्रो. (डॉ.) स्वयंभू शलभ ने कहा कि जब बच्चों को उनकी रुचि के अनुरूप विषय और कार्यक्षेत्र मिल जाते हैं तो उनकी प्रतिभा को पंख लग जाते हैं।

महिमा के इस चयन पर आईआईटीएम की निदेशक डॉ. रचिता राणा, डॉ. आर के सिंह, डॉ. मंदीप सिंह, डॉ. दीपिका, डॉ. सोनम अरोड़ा, पटना चार्टर्ड कॉमर्स के गौतम सवर्ण, दिनेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, कैलाशा ऑनलाइन लर्निंग के अंकित केशान समेत रक्सौल के प्रो. हजारी प्रसाद गुप्ता, प्रो. पंकज कुमार, प्रो. संतोष कुमार, चंदन कुमार सिंह, पंकज झा, कृष्णा सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

## महज तीन साल में जर्जर हो गई पीसीसी सड़क, बारिश में तालाब में तब्दील



**महागामा/रिपब्लिक नेशन।** बसुआ चौक से पोखर होते हुए ऊर्जानगर कॉलोनी जाने वाली ईसीएल की पीसीसी सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है।ईसीएल प्रबंधन क्षेत्र बसुआ पोखर के किनारे बनी यह सड़क अब जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिससे बारिश के कारण पानी भर गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि ऊर्जानगर कॉलोनी में डीएवी स्कूल, आरसीएमपी एसबीआई बैंक, पोस्ट ऑफिस समेत कई जरूरी संस्थान हैं, जिससे इस रास्ते पर रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है।लेकिन जर्जर सड़क ने उनकी परेशानियों को बढ़ा दिया है।जानकारी के अनुसार, इस सड़क का निर्माण वर्ष 2021-22 में ईसीएल प्रबंधन द्वारा कराया गया था लेकिन तीन साल के भीतर ही पूरी सड़क खस्ताहाल हो चुकी है।

स्थानीय निवासी कृष कुमार, गौतम कुमार, रूपेश कुमार, मुकेश कुमार आदि ने बताया कि बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।लोगों ने आरोप लगाया कि ईसीएल द्वारा निकाले जाने वाले टेंडर में भारी कमीशनखोरी होती है, जिसके कारण निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जाती है।यही कारण है कि कॉलोनी क्षेत्र की अधिकतर सड़कों की हालत कुछ ही महीनों में खराब हो जाती है।डीएवी स्कूल जाने वाले सैकड़ों छात्रों और अभिभावकों को प्रतिदिन इस सड़क से गुजरना पड़ता है।अभिभावकों ने कहा कि सड़क की स्थिति इतनी बदतर है कि बच्चों को स्कूल पहुंचाना भी चुनौती बन गया है।स्थानीय लोगों ने ईसीएल प्रबंधन से जल्द से जल्द सड़क की निर्माण कराए जाने की मांग की हैं।

## सरकार का संकल्प, जनसेवा और विकासः उपमुख्यमंत्री

लखीसराय/रिपब्लिक नेशन।

जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ₹सरकार का संकल्प, जनसेवा और विकास है।

बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं लखीसराय विधायक विजय कुमार सिन्हा आज एकदिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रधान कार्यालय में आयोजित ₹जनकल्याण संवाद₹ कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आम जनता से सीधे संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए।

अपने संबोधन में श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान सरकार जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने राज्य सरकार की कई लोक-लाभकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि



हर परिवार को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त,
वृद्धा और विधवा पेंशन को बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह,
5 वर्षों में 1 करोड़ नौकरियाँ देने का लक्ष्य,
युवाओं को 6000 प्रतिवर्ष इंटर्नशिप भत्ता,
महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण,
दीदी की रसोई में 20 में पौष्टिक भोजन,
8000+ पंचायतों में मैरिज हॉल निर्माण की योजना,
आंगनबाड़ी सेविकाओं को 11,000 स्मार्टफोन सहायता,
पत्रकारों को 15,000 मासिक पेंशन,
शारीरिक शिक्षा अनुदेशकों, रसोइयों और नाइट गार्ड्स का मानदेय दोगुना कर दिया गया है

उन्होंने इन योजनाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास और अंतिम पंक्ति तक सरकार की पहुँच का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम के समापन पर उपमुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर इन योजनाओं की जानकारी जनमानस तक पहुँचाएँ और सरकार के विकास कार्यों को मजबूती से प्रस्तुत करें। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि आगामी चुनावों में एनडीए ऐतिहासिक विजय हासिल करेगा।

इस जनकल्याण संवाद में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, महामंत्री प्रमोद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष देवानंद साहू, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकाश आनंद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू चंद्रवंशी, विकास कुमार, घनश्याम मंडल, अभिषेक सिंह समेत सभी मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

## महागामा में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर कार्यशाला, 10 से 25 अगस्त तक दवा सेवन अभियान

रिपब्लिक नेशन।

महागामा(गोड्डा) : महागामा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेक र एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इसमें प्रखंड के मुखिया, जलसहिया व जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सोनाराम हांसदा व अंचलाधिकारी डॉ. खगेन महतो ने की।मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खालिद अंजुम व आपूर्ति पदाधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

कार्यशाला में बताया गया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है, जिससे हाथ-पांव व अंडकोष में सूजन आ जाती है।इसकी रोकथाम के लिए 10 अगस्त को कैंप लगाकर सामूहिक दवा सेवन कराया जाएगा, जबकि 11 से 25 अगस्त तक डोर-टू-डोर अभियान चलेगा। यह दवा सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।साथ ही हर एक व्यक्ति को सामने में दवाई खिलाना हैं।अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि भोजन के बाद दवा जरूर लें, खाली पेट न खाएं व 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं व गंभीर रोगी दवा न लें।दवा पूरी तरह सुरक्षित है, अफवाहों से बचें व हर व्यक्ति का दवा खाना जरूरी है, तभी फाइलेरिया का उन्मूलन संभव है।बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से अभियान को सफल बनाने की अपील की।



## रष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ललमटिया गोड्डा में संपन्न

रिपब्लिक नेशन।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ललमटिया गोड्डा में राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया । विदित हो कि इस प्रशिक्षण को सम्पन्न कराने के वास्ते नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा दो कुशल प्रशिक्षक नियुक्त किये गए । राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक जनवि गिरिडीह से आए वरीय शिक्षक पीजीटी वाणिज्य के शिक्षक मृणाल गनई थे।उन्होंने ससमय पहुंचकर प्रथम दिन सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को कर्मयोगी का उद्देश्य बताया एवं पंजीकृत किया।दूसरे दिन पूर्वाह्न 9 बजे विशेष कम्प्यूटर कक्ष में राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम का अनुबंधात्मक प्राचार्य श्री महेन्द्र राम एवं उप प्राचार्या (प्रशिक्षिका '' ) श्रीमती हेना फक्र तथा प्रशिक्षक (I) मृणाल गनइ ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया । कार्यक्रम का कमान संभाल रहीं उपप्राचार्य हेना ×फक्र ने अपने वाचन क्रम में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निरंतर सीखने और विकसित होने में सक्षम बनाना है । सक्षमता का आधार सिर्फ अपने



कर्त्तव्य का निर्वहन पद आधारित ही सिर्फ न होकर नैतिक मूल्य तथा कुशल एवं दक्ष नागरिक निर्माण प्रक्रिया को बढ़ावा देना है।शिक्षक कर्मचारियों को छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी राज्य की कार्यान्वयन क्षमता में सुधार करना है।उन्होंने बताया कि हनुमान जी सीता मैया की खोज करने में जामवंत की सलाह पर अपनी आंतरिक शक्ति को याद कर उन्होंने सिर्फ सीता मैया की खोज ही नहीं कि बल्कि लंका को जलाकर लंकापति को भी अपनी शक्ति का अहसास कराया। ठीक उसी तरह हर मनुष्य के अन्तः करण में अद्भुत शक्तियां सुसुप्तावस्था में मौजूद रहती हैं ।आंतरिक शक्तियों में विभिन्न तरह की कलाएं हैं जो सतत प्रवाहमान तभी होती हैं जब मनुष्य शांत चित्त होकर खुद को, अपने अंदर की शक्तियों को याद करता है ।अधिकारी, कर्मचारी भी अपने पद की शक्ति एवं सही-सही क्रियान्वयन राष्ट्र निर्माण और कर्मयोगी के रुप अपनाएंगे तभी हमारा राष्ट्र और नागरिक विकसित हो सकेंगे।मुख्य प्रशिक्षक ने बताया कि जब हम विकसित राष्ट्र का स्मरण कर फलीभूत करने के उद्देश्य से अपने मिशन में लगते हैं तभी जाकर आंतरिक ऊर्जा एवं क्षमता का पूर्ण प्रयोग हम कर पाते हैं और अपने उद्देश्य में सफल होते हैं।योगः कर्मसु कौशलम् ,आदर्श व्यक्ति का निर्माण ,राष्ट्रीय कर्मयोगी की विशेषताएं एवं उद्देश्य तथा कर्त्तव्य आदि पर दो सत्र में कुल 4 मोड्यूल पर परिचर्चाएं की गईं । प्रश्नोत्तरी एवं मोड्यूल आधारित सम्पूर्ण कार्यक्रम को चार्ट पेपर पर कर्मचारियों द्वारा पूरी दक्षता से उकेरा गया और प्रस्तुति भी दी गई । शाम 7 बजे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत मे दिनभर की उपलब्धि की प्रस्तुति कुमारी शिप्रा पीजीटी भौतिकी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विपिन कुमार पीजीटी हिंदी ने किया ।

# चुनाव के लिए नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, ऑनलाइन चेक कर सकते हैं निर्वाचक अपना नाम

- विशेष शिविर के जरिए 01सितंबर तक दाखिल किया जाएगा दावा- आपत्ति
- छूटे हुए पात्र फॉर्म 06 के जरिए बन सकते हैं निर्वाचक
- डीईओ ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक , दी जानकारी



**रिपब्लिक नेशन /जमुई ।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दिया है शुक्रवार को मतदाता सूची के प्रारूप को जमुई जिला में भी जारी किया गया इसे चुनाव आयोग के वोटर सर्विस पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है आधिकारिक वेबसाइट से मतदाता ऑनलाइन भी वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर सकते हैं अगर उसमें कोई गलती है या नाम नहीं जोड़ा गया है तो उस पर शनिवार से दावा और आपत्ति दर्ज करा सकते हैं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम श्री नवीन ने समाहरणालय के सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचक सूची के प्रारूप को उन्हें हस्तगत कराया उन्होंने जिले के सभी ईआरओ एईआरओ और बीएलओ को भी प्रारुप सूची सौंप दिए जाने की बात कही श्री नवीन ने कहा कि मतदाता ऑनलाइन भी वोटर लिस्ट ड्राफ्ट में अपना नाम चेक कर सकते हैं चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/download-eroll?stateCode=S04 पर जाएं अपना जिला विधानसभा क्षेत्र का नाम चुनें। Roll Type के सेक्शन में SIR Draft 2025 को चुनें कैपचा भरें। नीचे की ओर दी गई सूची में अपने बूथ की भाग संख्या (Part No.) को चुनें फिर पीडीएफ डाउनलोड के विकल्प पर क्लिक करें भाग संख्या की वोटर लिस्ट पीडीएफ फाइल में डाउनलोड हो जाएगी उसमें आप अपना और अपने परिवार के लोगों का नाम चेक कर सकते हैं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो अगस्त से हर दिन जिला के सभी प्रखंड कार्यालयों और नगर निकायों में निर्वाचक सूची में छुटे हुए पात्र लोगों का नाम जोड़ने अपात्र का नाम हटाने और स्थानांतरण या संशोधन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां पात्र नागरिक फॉर्म 06 के साथ जरूरी दस्तावेज संलग्न कर निर्वाचक सूची में नाम जुड़वा सकते हैं वहीं फॉर्म 08 के माध्यम से स्थानांतरण या संशोधन का दावा कर सकते हैं उन्होंने पहली सितंबर तक दावा आपत्ति दाखिल किए जाने की बात-बताते हुए कहा कि विशेष शिविर में सुरक्षा का खास प्रबंध किया जा रहा है फोटोग्राफी के साथ वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष शिविर को सफल बनाए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी पात्र निर्वाचक छूटे नहीं इसका ख्याल किया जाना है और अपात्र का नाम हटाने के लिए भी नामित लोगों को सचेत करना है श्री नवीन ने जम्हूरियत को और ज्यादा सेहतमंद बनाने के लिए कारगर पहल किए जाने की अपील की डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल एडीएम रविकांत सिन्हा डीसीएलआर सुजीत कुमार उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. नजरूल हक अवर निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. मेनका कुमारी जेडीयू जिलाध्यक्ष शैलेंद्र महतों राजद प्रतिनिधि मुरारी राम रालोसपा के जिलाध्यक्ष रामाधीन पासवान आदि संबंधित जन बैठक में उपस्थित थे

किशोर कुमार जयंती

# अभिनेता, निर्देशक, निर्माता, लेखक, गीतकार किशोर कुमार एक विलक्षण शख्सियत रहे : डॉ. प्रदीप सिंह देव



**देवघर/रिपब्लिक नेशन।** किशोर कुमार भारतीय संगीत के इतिहास में अमर गायक, अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और गीतकार थे। उनका असली नाम 'आभास कुमार गांगुली' था। उनका जन्म 4 अगस्त, 1929 ई. को खंडवा, मध्य प्रदेश में एक बंगाली परिवार में हुआ था। मौके पर स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सह ओमसत्यम इंस्टिट्यूट ऑफ फिल्म, ड्रामा एंड फाइन आर्ट्स के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- किशोर कुमार एक विलक्षण शख़्सियत रहे। हिन्दी सिनेमा की ओर उनका बहुत बड़ा योगदान है। वे बचपन से ही एक संगीतकार बनना चाहते थे, वह अपने पिता की तरह वक़ील नहीं बनना चाहते थे। किशोर कुमार ने 81 फ़िल्मों में अभिनय किया और 18 फ़िल्मों का निर्देशन भी किया। फ़िल्म 'पड़ोसन' में उन्होंने जिस मस्त मौला आदमी के किरदार को निभाया, वही किरदार वे ज़िंदगी भर अपनी असली ज़िंदगी में निभाते रहे। हिन्दी सिनेमा में इलैक्ट्रिक संगीत लाने का श्रेय किशोर कुमार को जाता है। उनकी शुरुआत एक अभिनेता के रूप में फ़िल्म 'शिकारी' से हुई। उन्होंने 1951 में फणी मजूमदार द्वारा निर्मित फ़िल्म 'आंदोलन' में हीरो के रूप में काम किया मगर फ़िल्म फ़्लॉप हो गई। 1954 में उन्होंने बिमल राय की 'नौकरी' में एक बेरोज़गार युवक की संवेदनशील भूमिका कर अपनी अभिनय प्रतिभा से भी परिचित किया। इसके बाद 1955 में बनी 'बाप रे बाप', 1956 में 'नई दिल्ली', 1957 में 'मि. मेरी' और 'आशा' और 1958 में बनी 'चलती का नाम गाड़ी' जिस में उन्होंने अपने दोनों भाईयों अशोक कुमार और अनूप कुमार के साथ काम किया और उनकी अभिनेत्री मधुबाला थी। उन्हें पहली बार गाने का मौक़ा 1948 में बनी फ़िल्म 'ज़िद्दी' में मिला। फ़िल्म 'ज़िद्दी' में उन्होंने देव आनंद के लिए गाना गाया था। 'ज़िद्दी' की सफलता के बावजूद उन्हें न तो पहचान मिली और न कोई ख़ास काम मिला। उन्होंने गायकी का एक नया अंदाज़ बनाया जो उस समय के नामचीन गायक रफ़ी, मुकेश और सहगल से काफ़ी अलग था। वे सन-1969 में निर्माता निर्देशक शक्ति सामंत की फ़िल्म 'आराधना' के ज़रिये गायकी के दुनिया में सबसे सफल गायक बन गये। आज भी उनकी सुनहरी आवाज़ लाखों संगीत के दीवानों के दिल में बसी हुई है और उसका जादू हमारे दिलों दिमाग़ पर छाया हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक़ उन्होंने वर्ष 1940 से वर्ष 1980 के बीच के अपने करियर के दौरान क़रीब 574 से अधिक गाने गाए। उन्होंने हिन्दी के साथ ही तमिल, मराठी, असमी, गुजराती, कन्नड़, भोजपुरी, मलयालम और उड़िया फ़िल्मों के लिए भी गीत गाए। 13 अक्टूबर 1987 को उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वह पूरी दुनिया से विदा हो गये। भले ही वो आज हमारे बीच नहीं है। लेकिन अपनी सुरमयी आवाज़ और बेहतरीन अदायकी से वो हमेशा हमारे बीच रहेंगे।

# जबरदस्त उतार-चढ़ाव के बाद गिरा घरेलू शेयर बाजार, निवेशकों को लगी 2.59 लाख करोड़ की चपत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त उतार-चढ़ाव का गवाह बना। आज के कारोबार की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में लगातार दबाव बना रहा, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारों ने आक्रामक अंदाज में लिवाली करके शेयर बाजार को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सेंसेक्स निचले स्तर से 1,100 अंक से अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी निचले स्तर से 320 अंक से अधिक की छलांग लगाने में सफल रहा। हालांकि मंथली एक्सपायरी की वजह से आखिरी 1 घंटे के कारोबार में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक एक बार फिर लाल निशान में गिर गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 449.70 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 452.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.59 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,153 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,606 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,411 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 136 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,658 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 872 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,786 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 786.36 अंक की कमजोरी के साथ 80,695.50 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद से ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होना शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली और तेज कर दी, जिसकी वजह से दोपहर 2 बजे के करीब सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 1,108.12 अंक उछल कर 321.41 अंक की मजबूती के साथ 81,803.27 अंक तक पहुंच गया। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। इसके बाद मंथली एक्सपायरी की वजह से बाजार में बिकवाली शुरू हो गई।

# ईडी ने अनिल अंबानी को भेजा समन, 5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को 17 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनको 5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अनिल अंबानी को भेजे गए समन में नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है, क्योंकि मामला यहीं दर्ज किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किये जाएंगे।अनिल अंबानी को यह समन पिछले हफ्ते केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से उनके व्यावसायिक समूह की कई कंपनियों और अधिकारियों के खिलाफ छापेमारी के बाद जारी किया गया है। 24 जुलाई को शुरू हुई ईडी की यह छापेमारी तीन दिनों तक मुंबई में 35 से अधिक ठिकानों पर चली थी, जिनमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे, इनमें अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के कई अधिकारी भी शामिल थे।

# मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सिंगापुर यात्रा सफल, 45,000 करोड़ के निवेश समझौतों पर हुए हस्ताक्षर : नारा लोकेश

**एजेंसी**

**अमरावती।** राज्य के आईटी और उद्योग मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सिंगापुर यात्रा सफल रही और पांच वर्षों में 45,000 करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। मंत्री ने सचिवालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि वे समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं बल्कि उन्हें सीधे लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्सेलर मित्तल को जूम कॉल के ज़रिए निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। आर्सेलर मित्तल लक्ज़मबर्ग स्थित एक बहुराष्ट्रीय इस्पात निर्माण कंपनी है। यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी है। लोकेश ने खुलासा किया कि देश का सबसे बड़ा स्टील प्लांट और डेटा सेंटर आंध्र प्रदेश में स्थापित होने जा रहा है। लोकेश का आरोप है कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने 2019 से 2024 के बीच आंध्र प्रदेश ब्रांड को बर्बाद कर दिया। चंद्रबाबू की सरकार 2014 में राज्य के पुनर्गठन के बाद सिंगापुर ने



अमरावती के संयुक्त विकास के लिए हर कदम उठाए और राजधानी के निर्माण के लिए समझौता भी किया था लेकिन पिछली सरकार ने बिना सोचे समझे अलग नीति अपनाकर किसी के भी बात सुने बिना समझौते रद्द कर दिए।मंत्री लोकेश ने कहा कि पारदर्शिता के मामले में विश्व में सिंगापुर सबसे आगे है। ऐसे देश को जगन ने भ्रष्ट करार दिया था। जगन की सरकार ने अमरराजा बैटरीज और लुलु समेत कई कंपनियों को भगा दिया। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई है और आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू हैं जो नई राजधानी अमरावती के लिए पूरा जुड़ गए हैं। हमने वर्तमान में विशाखापत्तनम को आईटी के नक्शे पर लाने का फैसला किया है। इससे राज्य का विकास दस गुना होने की अपेक्षा है। लोकेश ने कहा कि हमने टीसीएस को 99 रुपये प्रति एकड़ की दर से ज़मीन आवंटित की, जो किसी भी राज्य ने नहीं दी। वाईएसआरसीपी के नेता इस मामले को लेकर अदालत गए। इससे राज्य के युवा को नौकरियां आएंगी। इसमें क्या ग़लत है? हमारी सरकार ने 14 महीनों में जो निवेश किया है, वह वाईएसआरसीपी द्वारा किए गए निवेश से ज़्यादा है।

# स्टॉक मार्केट में श्री रेफ्रिजरेशंस की जोरदार एंट्री, 40 प्रतिशत मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एचवीएसी सिस्टम्स बनाने वाली कंपनी श्री रेफ्रिजेरेशंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 125 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 35.88 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 169.85 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण सुबह 11 बजे तक कंपनी के शेयर उछल कर 175 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को लगभग 40 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। श्री रेफ्रिजेरेशंस का 117.33 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 29 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 187.55 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन




167.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 197.01 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 195.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 94.52 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 18.25 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2.57 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 11.53 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 13.55 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 39 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 99.01 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# सेलोरैप इंडस्ट्रीज की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स बनाने वाली कंपनी सेलोरैप इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 83 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 8.43 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के कारण दोपहर 12 बजे के करीब सेलोरैप इंडस्ट्रीज के शेयर उछल कर 94.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 13.86 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। सेलोरैप इंडस्ट्रीज का 30.28 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 29




जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 65.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 18.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 117.81 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। ये पूरा आईपीओ फ्रेश शेयरों का था। इसके तहत कुल 36.48 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। सेलोरैप इंडस्ट्रीज की ये लिस्टिंग ग्रे मार्केट की उम्मीदों से थोड़ी बेहतर रही। लिस्टिंग से पहले सेलोरैप इंडस्ट्रीज के शेयर अनलिस्टेड मार्केट में करीब 6 प्रतिशत के ग्रे मार्केट प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे थे। ऐसे में आज ग्रे मार्केट प्रीमियम से ऊंचे स्तर पर हुई लिस्टिंग से आईपीओ निवेशकों को तुलनात्मक रूप से अधिक फायदा हुआ है। इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज था। वहीं पूर्वा शेयरेगिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया था।

# मजबूत लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में लुढ़के पटेल केम के शेयर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल एक्सीपीएंट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली कंपनी पटेल केम स्पेशियलिटीज लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण निवेशकों की खुशी फीकी पड़ गई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 84 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 31 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 110 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 12 बजे के करीब पटेल केम स्पेशियलिटीज के शेयर फिसल कर 104.55 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इस गिरावट के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक के कारोबार में 24.46 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। पटेल केम स्पेशियलिटीज लिमिटेड का 59 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 29 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 167 गुना सब्सक्राइब हुआ था। ये पूरा आईपीओ फ्रेश शेयरों का था। इसके तहत कुल 70 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। पटेल केम स्पेशियलिटीज लिमिटेड की ये लिस्टिंग ग्रे मार्केट की उम्मीदों के मुताबिक ही रही। ग्रे मार्केट के आंकड़ों के अनुसार लिस्टिंग से पहले कंपनी के शेयर अनलिस्टेड मार्केट में करीब 111 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

# सावन, शिवजी ,गंगाजल , सोमवार और सावधानी-04

**रिपब्लिक नेशन।**

शिव को खोजें नहीं,
शिव में खो जाएं।।
हे आदिदेव शिव शंकर,
तुम्हीं हो सबके शुभंकर।
पीते हो सबका सदा गरल,
बरसे सुधा-मिटे क्षुधा बने तरल-सरल।।

वैद्यों के वैद्य श्री रावणेश्वर बैद्यनाथ कामना लिंग की पूजा -अर्चना के लिए निकले, पहुंचे और जलार्पण कर निकल चूके सभी भक्तजन का पवित्र श्रावण मास, जिसमें सिर्फ और सिर्फ भगवान भोलेनाथ ही सर्वशक्तिमान बन ,सभी कार्य संपादित करते हैं, उन्हीं के पावन नगरी में आप सभी का हृदय से स्वागत,नमन, वंदन और अभिनन्दन।

हे सनातन धर्मध्वजाधारी भक्तगण! ॠपूर्वोत्तर दिशामें चिताभूमि (बैद्यनाथधाम देवघर) के भीतर भगवान भोलेनाथ सदा ही गिरिजाके साथ बास करते हैं, देवता और असुर जिनके चरण-कमलोंकी आराधना करते हैं, वैसे श्रीवैद्यनाथ के पावनश्रीचरणों में आपका यह स्नेह, श्रद्धा और विश्वास, भक्ति की शक्ति का समर्पण, लख-लख समर्थन, देवाधिदेव महादेव कोटि-कोटि प्रणाम निवेदित करते हैं

पूर्वोत्तरे प्रज्वलिकानिधाने
सदा वसन्तम् गिरिजासमेतम्।
सुरासुरारधितपादपद्मम्,
श्रीवैद्यनाथं तमहं नमामि।।

भगवान भोलेनाथ आदिगुरु हैं,सभी प्राणियों के लिए कल्याणकारी शाश्वत बंधु हैं। शिव ही आत्मा और शिव ही जीव हैं।शिव से भिन्न दूसरा कुछ भी नहीं है --

शिवोःगुरुःशिवो देवःशिवो बन्धुःशरीरिणाम्।
शिव आत्मा शिवो जीवःशिवादन्यन्न किंचन।।

जितने ही बड़े देव हैं, उतने ही साधारण, सादगीपूर्ण है उनका जीवन।सरल है उनकी आराधना है और सहज है उनसे सबकुछ पा लेना।तभी तो गोस्वामी तुलसीदास जी विनय-पत्रिका में शिवस्तुति करते हुए कहते हैं –

दानी कहुँ संकर -सम नाहीं ,
दीन -दयालु दिबोई भावै,जाचक सदा सोहाहीं।।

औढ़रदानी शंकर के समान दानी कहीं नहीं है।वे दीनदयालु हैं देना ही उनके मन को भाता है,मॉगनेवाले उन्हें सदा सुहाते हैं।इतना ही नहीं, कुछ और भी –

देव बड़े,दाता बड़े,संकर बड़े भोरे।
किये दूर दुख सबनिके,जिन्ह -जिन्ह कर जोरे।।

विना भेदभाव किए जो भी, जहां भी,जिस प्रकार से भी शरणागत हुआ दाता दानी आशुतोष तारणहार बनकर, दुःख



दूर कर सुख का सागर उड़ेल देते हैं।

गुरुणांगुरु भगवान शंकर का नाम,जाप,दर्शन,पूजन सब मंगलकारी है।दो अक्षर के शिव नाम का सुमिरन कर भक्तगण स्वर्ग और मोक्ष दोनों को पा लेते हैं, इसमें कहीं कोई दो मत नहीं है।

शिवेति द्व्यक्षरं नाम व्याहरिष्यन्ति ये जनाः।तेषां स्वर्गश्च मोक्षश्च भविष्यन्ति न चान्यथा।

हे कांवड़ीया बन्धु!

महेश्वर महायोगी महादेव का हर कार्य लोककल्याण के लिए समर्पित है। संपूर्ण विद्याओं के प्राचार्य हैं। सर्वशक्तिमान होकर भी साधारण और जो सहजता से सुलभ हो जाए संतुष्ट रहना, रहने की शिक्षा देना उनका स्वभाव है। सृष्टि के आदि और अंत में महादेव ही हैं। लौकिक और पारलौकिक सभी जगह संतुलन, सामंजस्य स्थापित करने में उनसे बढ़कर कोई और कुछ भी नहीं। स्वयं की चाह कम रखकर ही औरों को अथाह देते रहते हैं। ध्यान के रुप में, ज्ञान के रुप में,दान के रुप में, कल्याण के रुप में, प्रेमी और वैरागी के रुप में भगवान शिव की महिमा अपरम्पार है। गोस्वामी तुलसीदास जी श्रीरामचरितमानस के रुद्राष्टकम् में शिवस्तुति करते हुए कहते हैं –

नमामीशमीशान निर्वाणरुपं,विभुं व्यापकं ब्रह्म वेदस्वरुपं
निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं,चिद ।काशमाकाशवासं भजेरहं।

हे मोक्ष स्वरुप,विभु व्यापक,ब्रह्म और वेदस्वरूप, ईशान दिशा के ईश्वर तथा सबके स्वामी श्रीशिवजी! मैं आपको नमस्कार करता हूं। निज स्वरूप में अवस्थित, गुणों से रहित, भेद रहित इच्छारहित,चेतन आकाश स्वरुप एवं आकाश को ही वस्त्ररुप में धारण करने वाले दिगंबर आपको मैं भजता हूॅ।इतना ही नहीं आगे भी झ

न जानामि योगं जपं नैव पूजां,नतोरहं सदा सर्वदा शंभु तुभ्यम्।

यही आर्तभाव, संपूर्ण समर्पण भाव कि हे देवाधिदेव महादेव मैं न तो योग जानता हूॅ,न ही जप-तप,हवन करता या जानता हूॅ और न ही पूजा और उसकी विधि को जानता हूॅ।हे शंकर,हे शंभु,हे औढ़रदानी मैं तो सदा सर्वदा आपको ही नमस्कार करता हूॅ।बुढ़ापा तथा जन्म-मरण के दुःख समूहों से जलते हुए मुझ दुःखी की दुःख से रक्षा कीजिए।हे ईश्वर मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूॅ।

हे श्रद्धालु भक्तगण!

यही विनती अचूक टोटके हैं भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए। प्राणतत्व के समान सर्वतारणी गंगाजल, तीनों गुणों के प्रतीक, तीनों तापों को शमन करने की शक्ति रखने वाली बिल्वपत्र, आक-धतुर का फूल,मन ही मन ॐ नमः शिवाय का अहर्निशम् उद्घोष,गाल बजाकर, सुर और असुर द्वारा समान रुप में पूजित, प्रतिष्ठित शिवशंकर को समर्पित कर, आशीर्वाद प्राप्त करें। सदैव मंगल हो याचना करें।

क्या है दुनिया में असंभव?
जो भोले से नहीं हो संभव।
करके प्रसन्न- भोले खोल दें नयन,
हो जाएंगे सब भक्त मगन।।

सूझबूझ से, निर्धारित निर्देशों का धैर्य के साथ पालन करते हुए, प्रसन्नता के साथ जलार्पण कर, सुरक्षित, सकुशल, संतोष के साथ,बाबा का आशीर्वाद -आशीर्वचन और प्रसाद लेकर घर लौटें मंगलकामना मंगलकारी प्रभु से है हमारी।

जय हो भोलेनाथ,जय भगवती जगदम्बा, जय हो शिव भक्तों की।

डॉ विजय शंकर /देवभूमि देवघर से